twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# DD दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | बुधवार, 04 जून, 2025 | वर्ष: 12 अंक: 203, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

In Just 500 ₹ Get Video AD +2 Days Free Marketing

Advertise On Leading News Channel 9891255609 9354173558 9891221238

# पाक को हमने आठ घंटे में घुटनों पर ला दिया: सीडीएस

## सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था: सीडीएस

**नई दिल्ली**
चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि हमने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि किसी भी मिलिट्री ऑपरेशन में नुकसान होना महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि सफलता लक्ष्य पाने से आंकी जाती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर विशेष डेटा निकाल कर इस संघर्ष में हुए नुकसान की जानकारी साझा की जाएगी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान आज पुणे में सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के रक्षा एवं रणनीतिक विभाग की ओर से 'फ्यूचर वार एंड वारफेयर' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पिछले दिनों सिंगापुर में दिए गए बयान की चर्चा अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि उन्होंने आज कहा कि हमने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। इसके बाद जब पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी हुई, तो हमने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करता है, तो हम जवाबी हमला करेंगे, उन पर और भी जोरदार हमला करेंगे। सिंगापुर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर सीडीएस ने कहा कि जब मुझसे हमारी तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप किसी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका सवाल नहीं रह जाता है।
मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को रात करीब 1 बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य भारत को 48 घंटे में घुटने टेकने पर मजबूर करना था। उनकी ओर से कई हमले किए गए और किसी तरह से उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया, जबकि हमने वास्तव में केवल उनके आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था।



### 'वास्तव में केवल उनके आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था'

मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को रात करीब 1 बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य भारत को 48 घंटे में घुटने टेकने पर मजबूर करना था। उनकी ओर से कई हमले किए गए और किसी तरह से उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया, जबकि हमने वास्तव में केवल उनके आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था।

### भारत ने ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान नुकसान पहुंचाया: पाक

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने उन पाकिस्तानी ठिकानों को भी निशाना बनाया था, जिनके बारे में हवाई हमलों के बाद भारतीय वायु सेना या डीजीएमओ ने नहीं बताया था। पाकिस्तान ने 18 मई को कई देशों को सौंपे गए अपने डोजियर में माना है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों से पाकिस्तान में कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है। डोजियर में साफ तौर पर



दिखाया गया है कि भारत ने पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरांवाला, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमला किया। पाकिस्तान के एक आधिकारिक डोजियर से पता चला है कि भारत ने अपने बताए गए लक्ष्यों की तुलना में कम से कम सात अधिक लक्ष्यों पर हमला किया। डोजियर के नक्शों में पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमले दिखाए गए हैं। पिछले महीने हवाई हमलों के बाद प्रेस वार्ता में भारतीय वायु सेना या सैन्य संचालन महानिदेशक ने इन स्थानों का नाम नहीं लिया था। नए रहस्योद्घाटन से पता चलता है कि भारत ने जितना स्वीकार किया था, उससे कहीं अधिक अंदर तक हमला किया था।

### 'ऑपरेशन सिंदूर ने इतिहास रच दिया'



**सीडीएस** ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि ऑपरेशन 48 घंटे तक चलेगा, जो करीब 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हवाई युद्ध का सवाल है तो ऑपरेशन सिंदूर ने इतिहास रच दिया। विरोधी के खिलाफ सफल ऑपरेशन किए गए, जिससे सटीकता और आक्रामक इरादे के साथ अंदर तक लगातार ऑपरेशन करने में भारत की क्षमता साबित हुई है।
यह एक बड़ी उपलब्धि थी कि हम विरोधी के हवाई रक्षा नेटवर्क को भेदने में सक्षम थे। सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता की अस्थायी समाप्ति है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हम लंबे समय तक संघर्ष में नहीं पड़ना चाहते थे। हमने ऑपरेशन पराक्रम में अपना अनुभव देखा है। हम लगभग नौ महीने तक वहां रहे। इसमें बहुत अधिक खर्च होता है, सब कुछ बाधित होता है। सीडीएस ने कहा कि जहां तक पाकिस्तानी पक्ष का सवाल है तो मैं दो अनुमान लगा सकता हूं। पहला, वे बहुत लंबी दूरी पर तेजी से चीजें खो रहे थे और उन्होंने सोचा कि अगर यह कुछ और समय तक जारी रहा तो और अधिक नुकसान होने की संभावना है और इसलिए उन्होंने टेलीफोन करके सीजफायर का प्रस्ताव रखा।

## पंजाब में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**चंडीगढ़**
पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था।

## न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग

**नई दिल्ली**
बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई को पत्र लिखा है। वकीलों के संगठन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है। गौरतलब है कि न्यायाधीश वर्मा के दिल्ली में रहने के दौरान उनके सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। इस विवाद के बाद उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा, पूर्व सीजेआई ने उनके साथ न्यायाधीश वर्मा का जवाब भी साझा किया था।

## मानहानि याचिका पर सांसद बांसुरी स्वराज ने दाखिल किया जवाब

**नई दिल्ली**
राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट में मंगलवार को भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका खारिज करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल किया।

## 'बिना अनुमति सैन्य अधिकारियों के परिवारों से न मिलें'

नई दिल्ली।
रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारों की निजता को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मीडिया को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि कहानियों या साक्षात्कारों के लिए सेवारत या सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के घरों या परिवारों से तब तक मिलने से परहेज करें, जब कि आपको स्पष्ट रूप से आमंत्रित न किया गया हो या आधिकारिक चैनलों से अनुमति न मिली हो। एडवाइजरी में कहा गया है कि उनके घरों के पते, परिवार की तस्वीरों या ऐसी कोई भी जानकारी जो लोगों के लिए जरूरी नहीं है, उन्हें प्रकाशित और प्रसारित



न करें। सैनिकों के परिवार की निजता का सम्मान करें। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय मीडिया द्वारा भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की गतिविधियों, उपलब्धियों और बलिदानों को दिखाने के प्रयासों की सराहना करता है। मीडिया की भूमिका लोगों को जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण है। हाल ही में जारी ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की भूमिका रही है। लेकिन अब यह देखा गया है कि मीडिया का फोकस उनके निजी जीवन और परिवारों की ओर भी बढ़ रहा है। कुछ मीडिया कर्मियों ने उनके घरों पर जाकर संपर्क करने या उनके परिवारों की जानकारी जुटाने की कोशिश की है। ऐसा करना पूरी तरह से अनुचित है और इससे अधिकारियों और उनके परिवारों की गरिमा, निजता और सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अधिकारी भले ही सार्वजनिक भूमिका में हों, लेकिन उनके परिवार निजी हैं, उनका सम्मान और संवेदनशीलता जरूरी है।

## बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

### सिक्किम में हेलिकॉप्टर से 36 लोगों का रेस्क्यू

**इम्फाल**
देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं



और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं। उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को ठअ्र की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है। 31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है।

इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। बाढ़ के हालात में सुधार हुआ है। नदियां खतरे के निशान से नीचे हैं।
राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में 66 राहत शिविर खोले गए हैं, यहां 2926 परिवारों को 10800 से ज्यादा लोग मौजूद हैं। पश्चिमी त्रिपुरा जिले में सबसे अधिक ज्यादा 50 राहत शिविर हैं।

## हरिद्वार जमीन घोटाला; धामी सरकार की बड़ी कार्रवाई, 12 वरिष्ठ अधिकारी सस्पेंड



**देहरादून**
हरिद्वार जमीन घोटाले में धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी। मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया।

**15 करोड़ की जमीन 54 करोड़ में खरीदी**

जांच के बाद रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी और एसडीएम अजयवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया। साथ ही वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, कानूनगों राजेश कुमार, तहसील प्रशासनिक अधिकारी कमलदास, और वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की को भी निलंबित किया गया। उत्तराखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्ता में बैठी सरकार ने अपने ही सिस्टम में बैठे शीर्ष अधिकारियों पर सीधा और कड़ा प्रहार किया है। हरिद्वार जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लिए गए निर्णय केवल एक घोटाले के पदार्फाश की कार्रवाई नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्रशासनिक और राजनीतिक संस्कृति में एक निर्णायक बदलाव का संकेत हैं। पहले चरण में निगम के प्रभारी सहायक नगर आयुक्त रविंद्र और अवर अभियंता दिनेश चंद्र कांडपाल को भी सस्पेंड किया गया था।

## नौकरी की आड़ में आतंक से रिश्ते: जम्मू-कश्मीर में तीन कर्मचारी बर्खास्त

### तीन कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया

**जम्मू**
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के तीन कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद



311(2)(c) के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है। जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे, और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे। इन तीनों कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप है। जिनमें आतंकवादी गतिविधियों में सीधे या परोक्ष रूप से संलिप्त होना, देश की सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा पैदा करना और आतंकवादी संगठनों को सहायता देना शामिल हैं। यह निर्णय जांच एजेंसियों द्वारा जुटाए गए सबूतों और खुफिया रिपोर्टों पर आधारित है। प्रशासन का कहना है कि जम्मू-कश्मीर सरकार आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस लागू करती है।

## 'सिर्फ कानून बनाने पर नहीं मानी जा सकती अदालत की अवमानना'

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर संसद या राज्य विधानसभा कोई कानून बनाती है, तो उसे अदालत की अवमानना नहीं माना जा सकता। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी 2012 में दाखिल अवमानना याचिका को खारिज करते हुए की। याचिका समाजशास्त्री और दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर नंदिनी सुंदर व अन्य की ओर से दायर की गई थी। याचिका में छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाया गया था कि उसने सुप्रीम कोर्ट के 2011 के आदेश का पालन नहीं किया। शीर्ष कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार से कहा था कि वह सलवा जुडूम जैसे गुटों को समर्थन देना बंद करे और आदिवासी लोगों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) बनाकर उन्हें हथियार देना बंद करे। याचिका में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना हुई है।

## रेशनलाइजेशन कमीशन ने मुख्यमंत्री सैनी को सौंपी 18 रिपोर्ट

### इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सरकारी निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना

चंडीगढ़
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आज यहां आयोजित एक बैठक के दौरान रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष श्री राजन गुप्ता, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश



करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इन निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाना चाहिए। इन विभागों में हरियाणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई, खान एवं भूविज्ञान, बागवानी और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं।

**अन्य 23 विभागों की कवायद अंतिम चरण में**

आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में 16 विभाग-विशिष्ट रिपोर्ट और दो सामान्य रिपोर्ट शामिल हैं। 16 रिपोर्ट में सभी इंजीनियरिंग विभागों के साथ-साथ परिवहन, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, उच्च शिक्षा और अन्य शामिल हैं। श्री राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 रिपोर्टों का एक और सेट लगभग पूरा हो चुका है और कुछ दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा। अन्य 23 विभागों के संबंध में कवायद अंतिम चरण में है।

**कमीशन ने 21 विभागों में मौजूदा 1,04,980 पदों के मुकाबले 1,05,832 पदों के सृजन की संस्तुति की**

आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 88 नगर निगमों, परिषदों और समितियों के साथ-साथ 179 सरकारी कॉलेजों में से प्रत्येक के लिए संशोधित संरचना की संस्तुति की। इसमें मौजूदा सिंचाई विभाग को दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करके बाढ़ नियंत्रण के लिए एक स्वतंत्र जल निकासी और भूजल पुनर्भरण विभाग के निर्माण का भी प्रस्ताव किया गया। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में कई विभागों में नए संस्थानों की स्थापना और अनावश्यक संस्थानों को बंद करने का सुझाव दिया गया।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई और सफलता व समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य ने राष्ट्रीय प्रगति में अनेकों योगदान दिए हैं। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! इस युवा राज्य में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक तथा तकनीकी विकास का जीवंत आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र है। मेरी कामना है कि तेलंगाना के लोग प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ें।' उपराष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'तेलंगाना के लोगों को राज्य

**राज्य और इसके लोग आने वाले वर्षों में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करते हुए निरंतर प्रगति करते रहें।'**



स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। अपनी दृढ़ता और विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के लिए जाने जाने वाले इस राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो विकास और कल्याण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य और इसके लोग आने वाले वर्षों में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करते हुए निरंतर प्रगति करते रहें।' प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि पिछले एक दशक में एनडीए सरकार ने राज्य के लोगों के लिए 'जीवन की सुगमता'बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के अद्भुत लोगों को बधाई। राज्य ने राष्ट्रीय प्रगति में अनेकों योगदान दिए हैं। पिछले एक दशक में एनडीए सरकार ने राज्य के लोगों के लिए 'जीवन की सुगमता' बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। राज्य के लोगों को सफलता और समृद्धि की शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना राज्य का आज 9वां स्थापना दिवस है, जिसे पूरे राज्य में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 02 जून 2014 को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना एक नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था।

## आकाश को मुख्य कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बेचैनी स्वाभाविक : मायावती

**एजेंसी**



**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिये बगैर उन पर निशाना साधते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है। सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि श्री आनंद बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनो का साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभायेंगे। उन्होने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में श्री आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक। बसपा अध्यक्ष ने कहा पार्टी को उम्मीद है कि अब श्री आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवाँ को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। लोग सावधान रहें।

# 'दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं'

● 'मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है।'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस से कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं, इससे आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। पीएम मोदी ने कहा, भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर क्राइम, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी 6 जून को कश्मीर के लिए ट्रेन को दिखा सकते हैं हरी झंडी

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्री माता वैष्णो देवी जी मंदिर के आधार शिविर कटरा से कश्मीर के लिए ट्रेन सेवा का उद्घाटन 6 जून को कर सकते हैं। इसके बाद कटरा और बारामूला के बीच वंदे भारत ट्रेन चलना शुरू हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया है कि कश्मीर के लिए ट्रेन सेवाओं के शुभारंभ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और प्रधानमंत्री 6 जून को घाटी के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रेन सेवा का शुभारंभ 19 अप्रैल को होना था, लेकिन उस दिन खराब मौसम की भविष्यवाणी के मद्देनजर इसे स्थगित कर दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलने वाली श्री अमरनाथ जी की तीर्थयात्रा के लिए इस मार्ग को खोलना उपयोगी साबित हो सकता है। खासकर तब जब इस मौसम में समय से पहले और भारी मानसून आने की खबरें हैं जिससे रामबन और बनिहाल के संवेदनशील हिस्से के बीच जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो सकता है।

## गुजरात के बाद अब कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान मध्यप्रदेश में भी, राहुल कल करेंगे शुरुआत

**भोपाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कल अपने मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान राजधानी भोपाल में पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत करेंगे। गुजरात के बाद अब पार्टी मध्यप्रदेश में इस अभियान की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने अपने इस अभियान के लिए राज्य में पर्यवेक्षकों और अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये अभियान कल से शुरु होगा। पार्टी के इस अभियान के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संवाददाताओं को बताया, 'मध्यप्रदेश कांग्रेस ने पहली बार संगठन सृजन को लेकर इस प्रकार कार्ययोजना बनाई है, जिसका उद्घाटन श्री राहुल गांधी करेंगे।' उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है कि पार्टी के पंचायत से लेकर जिले स्तर तक संगठन तंत्र न्याय आधारित हो। इसके तहत लगभग देश भर के 61 पर्यवेक्षक तीन महीने तक पूरे मध्यप्रदेश में रहेंगे और गांव गांव तक कार्यकर्ताओं की बैठकें लेंगे। हर देशवासी चाहता है कि पार्टी मजबूत हो। ये आने वाली राजनीति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'जननायक राहुल गांधी जी का 3 जून 2025 को भोपाल आगमन मध्यप्रदेश कांग्रेस के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इस दिन से शुरू हो रहा 'संगठन सृजन अभियान' न केवल कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा देगा, बल्कि कार्यकर्ताओं के उत्साह, विश्वास और भागीदारी को भी नई दिशा देगा।



# सिक्किम में सेना के कैंप पर लैंडस्लाइड से 3 जवान शहीद, 6 लापता

● 'एक हजार से ज्यादा सैलानी सुरक्षित निकाले गए।'

**एजेंसी**

**गंगटोक/नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम सेना का एक कैंप भूस्खलन की चपेट में आ गया। यह हादसा भारी बारिश के बाद उत्तरी सिक्किम के लाचेन क्षेत्र में शाम करीब 7 बजे हुआ। सेना ने सोमवार को इस हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन जवानों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि छह जवान अब भी लापता हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि चार जवानों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। क्षेत्र में भारी बारिश और दुर्गम भूगोल के कारण राहत अभियान में बाधाएं आ रही हैं। उत्तरी सिक्किम के लाचेन और लाचुंग क्षेत्रों में 30 मई से फंसे 1000 से अधिक पर्यटकों को भी आज सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। पर्यटकों को सेना और स्थानीय प्रशासन की मदद से हेलिकॉप्टर और वाहनों के जरिए गंगटोक पहुंचाया गया।

**चार दिन से पूर्वोत्तर में तबाही, अब तक 37 मौतें**



पिछले चार दिनों से पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक कम से कम 37 लोगों की जान जा चुकी है।

# आईएसआई ने भारतीय मोबाइल नंबरों से रची जासूसी की साजिश, दो भाई गिरफ्तार

● 'दोनों का आमना-सामना कराकर भी अहम जानकारी जुटाई जा रही है।'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है। इस मामले में राजस्थान के डीग जिले से दो भाइयों कासिम (34) और हसीन (42) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय सिम कार्ड्स पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटर्स को उपलब्ध कराए, जिनका इस्तेमाल भारत में जासूसी और हनी ट्रैप के लिए किया जा रहा था जांच में पता चला है कि कासिम और हसीन ने भारतीय मोबाइल नंबरों के वन-टाइम पासवर्ड पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर्स को भेजे। इन नंबरों का उपयोग व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से ऑपरेट करने के लिए किया गया। इसका मकसद रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और सैन्य खुफिया विभाग के अधिकारियों को हनी ट्रैप में फंसाकर संवेदनशील जानकारी हासिल करना था।



दिल्ली पुलिस ने बताया कि ये सिम कार्ड दिल्ली के आनंद पर्वत क्षेत्र से हासिल किए गए थे, जो हसीन के नाम पर जारी थे और कासिम द्वारा पाकिस्तान भेजे गए थे। कासिम ने अगस्त 2024 और मार्च 2025 में पाकिस्तान की दो यात्राएं कीं, जहां वह करीब 90 दिनों तक रहा। इस दौरान उसने आईएसआई हैंडलर्स से जासूसी की ट्रेनिंग ली और संवेदनशील जानकारियां भी भेजी। हसीन पिछले चार-पांच सालों से आईएसआई के संपर्क में था और उसने अपने छोटे भाई कासिम को भी इस गतिविधि में शामिल किया। दिल्ली पुलिस की दो अलग-अलग टीम दोनों भाइयों से पूछताछ कर रही हैं, जिसमें एक जैसे सवाल पूछकर उनके बयानों की सत्यता जांची जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में दो हार्डकोर सहित 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सोमवार को पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष पीएलजीए बटालियन के दो हार्डकोर नक्सली सहित अन्य डिवीजनों में सक्रिय कुल 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर छग शासन द्वारा कुल 25 लाख का इनाम घोषित है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक महिला और एक पुरूष पर 08-08 लाख, एक पुरूष पर तीन लाख, तीन पुरूष पर दो-दो लाख का इनाम घोषित है।



सुकमा जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति -2025 के तहत प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होने के साथ अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसी कड़ी में नक्सल संगठन में सक्रिय एक महिला सहित 16 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुनर्वास नीति-2025 के तहत प्रत्येक आत्मसमर्पित नक्सली को को 50-50 हजार रुपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री नित्यानन्द राय ने कहा,

# यह भारत के लिए गौरव का वर्ष रहा

● '2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है।'

**एजेंसी**

**पटना ।** नरेंद्र मोदी की सरकार ने केंद्र में लगातार 11 साल पूरे कर लिए। इस विषय पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता नित्यानन्द राय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल के 11 साल पूरे हुए हैं, यह वर्ष भारत के लिए गौरव का वर्ष रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह 11 वर्ष युवाओं के लिए अवसर के साल रहे, तो महिलाओं के लिए सम्मान और देश के सशक्तीकरण, चहुंमुखी



विकास, देश से गरीबी मिटाने का वर्ष रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी यह निरंतर चलता रहेगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा, 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। पीएम मोदी का जो संकल्प होता है, उसे पूरा करने के लिए वे दिन-रात भगीरथ प्रयास करते हैं और उसमें सफलता साथ होती है। उनकी सफलता मतलब भारत की सफलता। हम देशवासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि हमें प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले हैं, जिनकी दूरदर्शिता लगातार भारत को आगे बढ़ा रही है। 11 साल में भारत ने हर क्षेत्र में दुनिया में ऊंचा स्थान स्थापित किया है। मुजफ्फरपुर में एक बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म और उसके बाद हत्या के मामले में उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में विकास का भी काम कर रही है और विधि व्यवस्था पर भी नजर रखी है।

उन्होंने माना कि कहीं कोई घटना और दुर्घटना होती है, तो सरकार उसे संज्ञान में लेती है और उस पर कार्रवाई भी करती है। इसमें कहीं भी बिहार सरकार कोताही नहीं छोड़ती है और संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि पहले लालू यादव और राबड़ी देवी की सरकार में अपराधियों को संरक्षण मिलता था, लापरवाही करने वालों को सजा नहीं मिलती थी, पुरस्कार मिलता था, लेकिन आज एनडीए सरकार में अपराधियों की गिरफ्तारी होती है और सजा होती है।

## ममता बनर्जी को पाकिस्तानी आतंकवादियों की चिंता है : तरुण चुघ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध करके सिद्ध कर दिया है कि उन्हें पहलगाम में मारे गए निर्दोष और निहत्थे भारतीयों की चिंता नहीं, पाकिस्तानी आतंकवादियों की चिंता है। उन्होंने कहा कि जिस अभियान में हमारी सेना ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया, आप उसका विरोध कर रही हैं और पाकिस्तान की भाषा में उस पर सवाल उठा रही हैं। बंगाल की जनता उन्हें 2026 के चुनाव में सिंदूर के अपमान का करारा जवाब देगी। उन्होंने से बातचीत के दौरान कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार और हिंदुओं पर अन्याय का गढ़ बना दिया है। कोयला घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, पशु तस्करी, आवास घोटाला से बंगाल की जनता त्रस्त हो चुकी है। बंगाल के हर भ्रष्टाचार और घोटाले के मूल में तृणमूल है। बंगाल की जनता जल्द ही भाजपा की सरकार बनाएगी। यह चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बंगाल को फिर से 'सोनार बंगला' बनाने का है, आतंक और माफिया से मुक्ति दिलाने का अभियान है। उन्होंने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के लगातार 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाने पर कहा कि आतंकवादियों के रोने पर आंसू बहाने वाले हमें मत बताएं कि दुश्मन से कैसे निपटना है।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ की तबाही चिंताजनक, भाजपा ने नहीं निभाया वादाः खरगे-प्रियंका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किया गए।उन्होंने कहा कि समूचा पूर्वोत्तर भारी बारिश के कारण हो रहे विनाशकारी भूस्खलन तथा बाढ़ से जूझ रहा है। लोगों की जान जा रही है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पीएम केयर्स फंड में बिना ऑडिट के पड़ी भारी भरकम राशि का इस्तेमाल पूर्वोत्तर के लोगों को इस आपदा के समय सहायता देने के लिए करना चाहिए। श्री खरगे ने कहा, पूर्वोत्तर विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश से जूझ रहा है। असम, अरुणाचल, मणिपुर, सिक्किम और मेघालय सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में से हैं, जहाँ कई लोगों की जान चली गई है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस नेताओं और



कार्यकर्ताओं को लोगों की सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। भाजपा ने 2016 में 'बाढ़ मुक्त' असम बनाने का वादा किया था और 2022 में, गृह मंत्री अमित शाह ने इस वादे को दोहराया। तथाकथित 'स्मार्ट सिटी' गुवाहाटी के दृश्यों को देखकर, किसी को याद आता है कि कैसे मोदी जी और उनकी डबल इंजन सरकारों ने असम के साथ विश्वासघात किया है।'

उन्होंने कहा, 'बुनियादी विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाना और बुनियादी बातों से ध्यान हटाकर भावनात्मक और ध्रुवीकरण वाले विषयों की तरफ ध्यान ले जाना भाजपा की राजनीति की पहचान रही है। मोदी सरकार को बाढ़ की तैयारियों के लिए पूर्वोत्तर के सभी राज्यों, खासकर असम को और अधिक धनराशि जारी करनी चाहिए। मोदी जी को पीएम केयर्स फंड के द्वार खोल देने चाहिए, जिसमें बिना किसी ऑडिट के करोड़ों की रकम पड़ी है।'श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'असम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हुई मौतों का समाचार अत्यंत दुखद है। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ईश्वर सभी की रक्षा करें। केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ उठानी पड़े। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करती हूं कि प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद करें।'

## ड्रग्स तस्करी के मामले में नाइजीरियन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थ का धंधा करने के आरोप में नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान डेविड लीने (48) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से कुल 282 ग्राम उम्दा किस्म की कोकीन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत एक करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है। वर्ष 2015 में मेडिकल वीजा पर आया डेविड अवैध रूप से भारत में अपने परिवार के साथ रह रहा था। भारत में रहने के दौरान आरोपित ने पहले सैलून खोला। इसके बाद आरोपित ने प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम किया। काम न चलने पर इसने पत्नी के साथ मिलकर अफ्रीकी कम्यूनिटी के लिए एक किचन भी खोला था। काम न चलने की वजह से छह माह पूर्व ही इसने एक अन्य नाइजीरियन नागरिक लियो के कहने पर मादक पदार्थों का धंधा शुरू किया था। आरोपी के पास से साउथ अफ्रीका एक फर्जी पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि उनकी टीम पिछले काफी समय से मादक पदार्थों का धंधा करने वालों पर नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली कि एक नाइजीरियन नागरिक कोकीन सप्लाई करने करने महाबीर नगर, तिलक नगर आने वाला है। सूचना के बाद फौरन एक टीम का गठन किया गया।

## लूटपाट के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। ज्योति नगर और खजूरी खास इलाके में लूटपाट के दो मामलों में फरार चल रहे भगोड़े बदमाश को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान जावेद उर्फ हैप्पी (35) के रूप में हुई है। आरोपित लूटपाट, झपटमारी, चोरी, अवैध हथियार समेत करीब 21 मामलों में शामिल रहा है। दयालपुर में हुई चोरी के एक मामले में आरोपित को अदालत सजा सुना चुकी है। ज्योति नगर और खजूरी खास इलाके में पिस्टल दिखाकर हुई लूट के मामले में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषिता कर दिया था। पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपित को करावल नगर से दबोचा गया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि महिला सिपाही सिमरन को भगोड़े बदमाश जावेद उर्फ हैप्पी की सूचना मिली थी कि आरोपित करावल नगर में आने वाला है। सूचना के बाद फौरन एक टीम का गठन कर आरोपित को 31 मई को करावल नगर इलाके से दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने खजूरी और ज्योति नगर में लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वर्ष 2013 में उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। वर्ष 2013 में इसके खिलाफ चोरी का एक मामला दर्ज हुआ था।

## सुंदर नगरी सिलेंडर ब्लास्ट में दो बच्चे की मौत

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी थाना क्षेत्र के सुंदर नगरी इलाके में गाड़ी में इस्तेमाल किए जाने वाले सीएनजी सिलेंडर में ब्लास्ट से दो मासूम बच्चों की इलाज के दौरान जीटीबी अस्पताल में मौत हो गई। इस हादसे में दोनों बच्चे 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए थे। मृतक बच्चों की पहचान साकिब और अब्बास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुंदर नगरी इलाके के एक गोदाम में तकरीबन 4:30 बजे पुराना सीएनजी सिलेंडर की मरम्मत के दौरान जोरदार धमाका हुआ था। धमाका इतना जबरदस्त था कि गोदाम में लगे लोहे का दरवाजा टूट गया था। वहीं, इसकी चपेट में पास में खेल रहे तीन मासूम बच्चे आ गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची थी। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आज दो बच्चे की मौत हो गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि हादसे को लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, इस दुर्घटना को लेकर इलाके के लोगों में भारी रोष है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गोदाम में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए पुराने सीएनजी सिलेंडरों की मरम्मत की जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गोदाम लंबे समय से इस तरह के खतरनाक कामों में लिप्त था।

## दिल्ली मेट्रो ने शुरू की विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रायोरिटी फ्रिस्किंग सुविधा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के साथ मिलकर विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए मेट्रो स्टेशनों पर प्रायोरिटी फ्रिस्किंग (प्राथमिकता जांच) की सुविधा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य विशेष जरूरत वाले यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस सुविधा का लाभ दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चों के साथ महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और घायल व्यक्ति उठा सकेंगे। मेट्रो स्टेशनों पर ऐसे यात्रियों को अब सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे उन्हें लंबी कतारों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डीएमआरसी ने बताया कि यह पहल मेट्रो प्रणाली को और अधिक समावेशी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से दिल्ली मेट्रो यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी यात्री, विशेषकर विशेष जरूरतमंद वाले लोग, बिना किसी परेशानी के मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकें। डीएमआरसी ने बताया कि यदि किसी यात्री को लेकर संदेह हो तो सुरक्षा कर्मी उनसे उचित दस्तावेज दिखाने का अनुरोध कर सकते हैं।

## अंत्योदय का संकल्प लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरतः जेपी नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'अंत्योदय' का संकल्प लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा निरंतर जुटी है, आज भारत प्रगति व प्रतिष्ठा के उत्कर्ष के पथ पर अग्रसर है। जेपी नड्डा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राष्ट्रीय स्मृति संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने उनके जीवनवृत्त पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय पंडित जी ने अत्यंत कम समय में जनसंघ को एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया। इस दौरान एक कुशल नेता, विचारक व संगठक के रूप में



उपाध्याय जी का राष्ट्रनिर्माण में योगदान अतुलनीय है। जेपी नड्डा ने कहा कि कोई व्यक्ति सिर्फ नेता होता है, कोई विचारक होता है, कोई संगठक होता है, लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय में तीनों गुण थे।

उन्होंने बहुत कम समय में जनसंघ को एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय विचारधारा और संस्कृति को धरातल पर उतारने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं दो दिन में नहीं बनी हैं बल्कि हजारों साल की है, जिनका राजनीतिक और सामाजिक महत्व है। अगर हम समाजवाद की बात करें तो पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से स्पष्ट था कि अंतिम व्यक्ति की चिंता करो। उन्हीं की प्रेरणा से हम अंत्योदय की ओर बढ़े। विचारधारा स्थूल नहीं होती, वो समय के साथ लगातार बढ़ती रहती है। जिस बीज को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने बोया था वो आज स्थायी शासन के रूप में फल-फूल रहा है।

## विकलांग युवती की अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के मदनपुर खादर इलाके में एक विकलांग युवती की अपहरण के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवती रात अपने परिजनों के साथ घर की छत पर सो रही थी। देर रात उसका शव घर के समीप बनी एक खाली झुग्गी में पड़ा मिला। पुलिस ने अपहरण व हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अभी युवती के साथ रेप या सेक्सुअल असॉल्ट की पुष्टि तो नहीं की मगर इससे इंकार भी नहीं किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय विकलांग युवती अपने परिवार के साथ मदनपुर खादर एक्सटेंशन इलाके में रहती थी। शनिवार रात करीब 1 बजे पहले सरिता विहार और बाद में कालिंदी कुंज थाना पुलिस को युवती के अपहरण की पीसीआर कॉल मिली। इसके बाद कालिंदी कुंज पुलिस कॉलर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची। वहां पता चला कि विकलांग युवती का उसके घर से रात को सोते समय अपहरण हुआ है। युवती अपने परिजनों के साथ छत पर सो रही थी। पुलिस की टीम घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर ही रही थी तभी उसी गली में स्थित एक खाली झुग्गी में युवती का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की। आसपास के इलाके में छानबीन की। पड़ोस की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। युवती के परिजनों तथा आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल संदिग्ध की पहचान कर ली है। उसे पकड़ने के लिए कई टीमों को लगाया गया है।

## देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3758 के पार, दो की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। कोरोना वायरस से पिछले 24 घंटे के दौरान दो मरीजों की मौत हुई है। कर्नाटक में 63 वर्षीय बुजुर्ग मरीज ने दम तोड़ दिया, जिन्हें पहले से अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। केरल में 24 साल की एक युवती की संक्रमण से मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुबह जारी आंकड़ों में बताया कि देश में एक्टिव कोविड केस की संख्या बढ़कर 3758 हो गई है। बीते 24 घंटे में 363 नए संक्रमित मरीज सामने आए, जबकि 1818 मरीजों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे है। केरल में सबसे ज्यादा 1400, महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 कोरोना के मामले हैं। देश में कोरोना के 4 नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के मुताबिक दक्षिण और पश्चिम भारत में कोरोना के चार नए वैरिएंट की पहचान हुई



है। इनमें एलएफ.7, एक्सेफजी, जे एन 1 और एंबी.1.8.1 शामिल हैं। जेएन.1 भारत में सबसे आम वैरिएंट बन गया है, जो टेस्टिंग में 50 प्रतिशत से ज्यादा सैंपल में मिला है। यह ओमिक्रॉन के बी ए.2.86 का स्ट्रेन है और इम्यूनिटी को कमजोर करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालांकि इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की श्रेणी में रखा है, लेकिन इन वैरिएंट को बहुत चिंताजनक नहीं माना है।

## एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने पश्चिमी वायु कमान में वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का कार्यभार संभाला

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान में एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभाला। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें 16 दिसंबर, 1989 को वायु सेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों पर 3000 घंटे से अधिक उड़ान भरी है। एयर ऑफिसर को राष्ट्रपति पुरस्कार 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायु सेना पदक' मिल चुका है। वायु सेना में वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर रहे हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है। वह एक फॉरवर्ड बेस के चीफ ऑपरेशन ऑफिसर और एक प्रीमियम फाइटर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग रहे हैं। उन्होंने एयर हेडक्वार्टर और कमांड हेडक्वार्टर में कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। वायु अधिकारी ने 2017 में रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स और 2018 में यूएसएएफ के साथ संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का निर्देशन किया है। उन्होंने सेंट्रल एयर कमांड के वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी प्रशासन और वायु रक्षा कमांडर के पदों पर कार्य किया। एयर मार्शल प्रतिष्ठित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, लंदन (यूके) के पूर्व छात्र भी



हैं। भारतीय वायु सेना के पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वे वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

## चार प्रमुख प्रवृत्तियों से आकार लेंगे भविष्य के युद्ध : सीडीएस

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कहना है कि भविष्य के युद्ध चार प्रमुख प्रवृत्तियों द्वारा आकार लेंगे। इनमें से एक है सभी क्षेत्रों में सेंसर्स का प्रसार। दूसरा- लंबी दूरी तक मार करने वाली हाइपरसोनिक और सटीक हथियार प्रणालियां। तीसरा, स्वायत्त प्रणालियों के साथ मानव-मानव रहित टीमिंग। चौथा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और क्वांटम तकनीक द्वारा संचालित युद्धक्षेत्र की बुद्धिमत्ता।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यह जानकारी सिंगापुर में दी। वह यहां आयोजित प्रतिष्ठित 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' में 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवाचार समाधान' विषय पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में जनरल अनिल चौहान ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण ने गैर-राज्य तत्वों (नॉन स्टेट एक्टर्स) को सशक्त किया है, जिससे प्रॉक्सी युद्धों और अस्थिरता को बढ़ावा मिला है।




उन्होंने क्षमताओं के विकास के लिए अनुकूलनशीलता, नवाचार और आत्मनिर्भरता को मूलमंत्र बताया। भारत ने निजी उद्योगों के साथ सहयोग करते हुए एक संयुक्त रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है। उन्होंने बताया कि भारत ने 'रणनीति-प्रेरित आधुनिकीकरण' को अपनाया है। इससे युद्धक प्रणालियां परिचालन आवश्यकताओं और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित की जा सकें। जनरल चौहान ने कहा कि वर्तमान में चल रहा परिवर्तन सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सिद्धांत, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन का भी कायाकल्प शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत की अनूठी भौगोलिक स्थिति, अनुभव और आकांक्षाएं इसके रक्षा दृष्टिकोण को आकार देती हैं। अपने संबोधन के अंत में, जनरल अनिल चौहान ने वैश्विक शांति और उत्तरदायी नवाचार के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' को वैश्विक स्थिरता हेतु संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया। 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' के दौरान भारत और फिलीपींस के रक्षा प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और फिलीपींस के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो एस ब्रावनर जूनियर के बीच यह महत्वपूर्ण बातचीत हुई। इस दौरान सैन्य सहयोग बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा और रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग और क्षमता संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह बातचीत भारत-फिलीपींस रणनीतिक समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सीडीएस चौहान इससे पहले यहां अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जापान समेत कई अपने राष्ट्रों के सैन्य प्रमुखों से मुलाकात कर चुके हैं।

## पाक जासूसी रैकेटः एनआईए की 8 राज्यों में बड़ी कार्रवाई, 15 ठिकानों पर छापेमार

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान से जुड़े जासूसी मामले में देश भर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान देश के आठ राज्यों में 15 स्थानों पर बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई। दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाकिस्तान खुफिया संचालकों (पीआईओ) से जुड़े संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली गई। एनआईए की टीमों ने तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और संवेदनशील वित्तीय दस्तावेज, अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। भारत विरोधी आतंकी साजिश के तहत पाकिस्तान स्थित गुर्गों द्वारा चलाए जा रहे जासूसी रैकेट के सुराग के लिए उनकी गहन जांच की जा रही है। एनआईए की जांच के अनुसार, तलाशी में जिन संदिग्धों को निशाना बनाया गया, उनके पाकिस्तानी गुर्गों से संबंध थे और वे भारत में जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वित्तीय माध्यम के रूप में काम करते थे। एनआईए ने 20 मई को एक आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद अ ा र स ी - 12/2025/एनआईए/डीएलआई मामला दर्ज किया था, जो 2023 से पीआईओ के साथ संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। आरोपी राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी लीक करने के बदले भारत में विभिन्न माध्यमों से धन प्राप्त कर रहा था। आरोपी का नाम मोतीराम जाट है, जो सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के एएसआई पद पर कार्यरत था। एनआईए की टीम ने जासूसी मामले में मुकदमा उसी केस में दर्ज किया था। मोतीराम जाट पहलगाम हमले से पहले वहीं पोस्टेड था।

## राहुल गांधी पर मनजिंदर सिंह सिरसा का तंज,कहा -'वे पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं'

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सोमवार को जोरदार तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं और चीन से चंदा लेते हैं। समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान सिरसा ने राहुल गांधी के साथ कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। पाकिस्तान जो सवाल पूछता है, वही सवाल राहुल गांधी पूछने का काम करते हैं। राहुल गांधी की ओर से पूछे गए सवाल पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर चलाए जाते हैं। सिरसा ने कहा कि देश की जनता देख रही है कि राहुल गांधी देश के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मन में कुछ और ही चल रहा है। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक सीजफायर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र से सवाल पूछ रही है और मांग कर रही है कि किन परिस्थितियों में सीजफायर करना पड़ा, इसकी जानकारी संसद का विशेष सत्र बुलाकर दें। दिल्ली की भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज हम विभिन्न स्थानों पर नई सड़कों, सीवेज लाइनों और पेयजल आपूर्ति पर काम शुरू करने जा रहे हैं। पिछले 100 दिनों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बहुत मेहनत की है। पूर्व की सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान सिर्फ बहाने बनाए गए हैं। हमारे सामने चुनौतियां हैं, जिससे हमें निपटना है। इसीलिए दिल्ली में काम करने वाली सरकार आई है, बहाना बनाने वाली सरकार नहीं। सिरसा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आज नवजीवन स्कूल में पौधरोपण करते समय बच्चों की आंखों में हरियाली के सपने देखे। विश्व पर्यावरण दिवस के इस सप्ताह में मैंने एक संकल्प लिया है। प्रकृति से प्रेम को सिर्फ शब्दों में नहीं, काम में भी



बदलना है। पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक दिन की मुहिम नहीं, यह एक जीवनशैली है। पीएम मोदी की सोच और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पौधा लगाना, जल बचाना और धरती को संवेदनशीलता से देखना, यही है असली विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना।

## एनसीआर में अगले तीन दिन तेज आंधी-तूफान और बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। बीते जहां 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं आगामी तीन दिनों तक भी मौसम के ऐसे ही रुख बरकरार रहने के आसार हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 2 जून से 4 जून तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज बारिश, बिजली चमकने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2 जून को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने का अनुमान है। नमी (ह्यूमिडिटी) 56 से 98 प्रतिशत तक रह सकती है। मौसम विभाग ने थंडरस्टॉर्म विद रेन यानी गरज-चमक के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है। 3 जून को भी तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की आशंका जताई गई है। इस दिन भी तेज हवाओं के साथ बिजली और बारिश की संभावना है। उसके बाद 4 जून को तापमान 36 डिग्री और 24 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। इन तीनों दिनों के लिए विभाग ने खास चेतावनी जारी की है कि थंडरस्टॉर्म एकांपनीड विद लाइटनिंग एंड गेस्टी विंड्स (40-50 किलोमीटर प्रति घंटा)÷ यानी तेज आंधी के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चल सकती हैं। ऐसे में नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि बीते आए तूफान ने कई इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया था। 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने कई जगहों पर पेड़ उखाड़ दिए, बिजली के खंभे गिरा दिए और ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर डाला। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही और सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। 5 जून से मौसम थोड़ा सामान्य होने के संकेत हैं। इस दिन थंडरस्टॉर्म विद रेन की संभावना तो है, लेकिन मौसम विभाग ने कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

## सीबीआई की बड़ी कार्रवाई : 25 लाख की रिश्वत लेते आईआरएस अधिकारी समेत दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय राजस्व सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी और एक निजी व्यक्ति को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के एक गंभीर मामले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तब की गई जब आरोपियों ने एक शिकायतकर्ता से 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसमें से 25 लाख रुपये की पहली किस्त लेते वक्त दोनों को रंगे हाथों पकड़ा गया। सीबीआई ने इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्य आरोपी वर्ष 2007 बैच का एक वरिष्ठ IRS अधिकारी है, जो वर्तमान में करदाता सेवा निदेशालय, नई दिल्ली में अपर महानिदेशक (छ्रल) के पद पर तैनात था। उसके साथ गिरफ्तार किया गया दूसरा आरोपी एक निजी व्यक्ति है, जो इस पूरी डीलिंग में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, आरोप है कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता के खिलाफ चल रही आयकर विभाग की कार्रवाई को प्रभावित करने, उसे राहत दिलाने और विभागीय जांच को उसके पक्ष में मोड़ने के लिए 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। अधिकारी ने यह भी चेतावनी दी थी कि अगर शिकायतकर्ता उसकी बात नहीं मानेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके बाद सीबीआई ने दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में स्थित आरोपी अधिकारी के सरकारी आवास पर छापा मारा और उसे भी वहीं से गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तारी




कार्रवाई, भारी जुर्माना और निरंतर उत्पीड़न सुनिश्चित किया जाएगा। सीबीआई ने 31 मई 2025 को इस मामले में शिकायत दर्ज होने के तुरंत बाद सक्रियता दिखाते हुए ऑपरेशन प्लान किया। योजना के तहत शिकायतकर्ता को ट्रैप टीम के साथ मोहाली भेजा गया, जहाँ आरोपी निजी व्यक्ति को दिल्ली स्थित IRS अधिकारी के कहने पर 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों के बाद सीबीआई ने दिल्ली, पंजाब और मुंबई में आरोपियों से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस कार्रवाई में कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, नकदी और लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है और कई अहम सुराग सामने आ सकते हैं।

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट की तस्करी में आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट और विदेशी ब्रांड की प्रतिबंधित सिगरेट की अवैध तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने द्वारका और उत्तम नगर इलाके में छापेमारी कर कुल 388 ई-सिगरेट और 8,000 अन्य प्रतिबंधित सिगरेट जब्त की हैं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत 6.62 लाख आंकी गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान उत्तम नगर निवासी शिवम (22) के रूप में हुई है। वह द्वारका सेक्टर-12 स्थित अपने पान की दुकान से यह अवैध कारोबार चला रहा था। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि द्वारका क्षेत्र में एक दुकान पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट का भंडारण किया



गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर कमल कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने गुलाब पान सेंटर, सेक्टर-12, द्वारका पर छापा मारा जहां से 93 प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद हुई और शिवम को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान शिवम ने खुलासा किया कि उसके घर (राजापुरी, उत्तम नगर) में और भी बड़ा स्टॉक रखा गया है। इसके बाद टीम ने वहां छापा मारा और 295 ई-सिगरेट तथा 8,000 प्रतिबंधित सिगरेट जब्त कीं। इन सिगरेट पर स्वास्थ्य चेतावनी संबंधी किसी भी प्रकार का निर्देश नहीं था, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन है। आगे पूछताछ में शिवम ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से यह अवैध धंधा कर रहा है। उसे यह सामग्री चांदनी चौक के विभिन्न सप्लायर्स से मिलती थी।

# पूर्वोत्तर में नयी उम्मीदों का सूर्योदय

विगत 23 मई को ह्यराइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टमेंट समिटह्ल का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कभी देश का सिर्फ सीमांत क्षेत्र समझा जाने वाला पूर्वोत्तर अब भारत के विकास की कहानी में अग्रणी और ह्यसंभावनाओं का क्षेत्रह्ल बनता जा रहा है. फिलहाल पूर्वोत्तर की अर्थव्यवस्था 43 अरब डॉलर की है और जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी का योगदान करती है. हालांकि पूर्वोत्तर भारतीय अर्थव्यवस्था में इससे ज्यादा का योगदान करने में सक्षम है, क्योंकि वहां अपार संभावनाएं हैं. कहा तो यह भी जाता है कि अगर पूर्वोत्तर की क्षमताओं का बेहतर तरीके से दोहन किया जाये, तो पश्चिम बंगाल के नेतृत्व में पूर्वी भारत 2035 तक तीन ट्रिलियन, यानी 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है. विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में पूर्वी भारत की भूमिका और उसमें पूर्वोत्तर के योगदान का जिक्र करते हुए खुद प्रधानमंत्री ने भी इसका उल्लेख किया.

पूर्वोत्तर की संभावनाओं के टिकाऊ दोहन के लिए केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के भौगोलिक और सामाजिक ढांचों में भारी निवेश किया है. परिवहन व्यवस्था ऐसा ही एक क्षेत्र है, जो आर्थिक विकास में बड़ी भूमिका निभाती है. केंद्र ने इस इलाके में हाइवे, रेलवे, वाटर-वे के विकास के लिए ह्यढांचागत क्रांतिह्ल की नींव रखी है, तो राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर डिजिटल कनेक्टिविटी पर भी पूरा जोर दिया है. माना जाता है कि ये तमाम ढांचागत परियोजनाएं पूरी हो जाने पर न सिर्फ पूरे क्षेत्र में व्यापार संभावनाएं बढ़ेंगी, बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया और उससे आगे तक भी सुगम तरीके से कारोबार संभव हो सकेगा. व्यापार बढ़ने से राजस्व तो बढ़ेगा ही, पूर्वोत्तर में निवेश भी बढ़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र में औद्योगिक विकास का माहौल बनेगा. जहां तक औद्योगिक विकास की संभावनाओं की बात है, तो पूर्वोत्तर भारत प्राकृतिक संसाधनों, खासकर कृषि, बागवानी और ऑर्गेनिक (जैविक) खेती से संपन्न है. ऐसे में, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग इसकी आर्थिकी में बड़ी भूमिका निभाता है. इस क्षमता को पहचान कर केंद्र और राज्य सरकारों ने उस क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को विकसित और प्रोन्नत करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट जोन (एपीजे) जैसी कई परियोजनाएं शुरू की हैं. इसका परिणाम यह है कि हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर भारत में फलों, मसालों और बागवानी फसलों के उत्पादन में भारी वृद्धि देखी गयी है. पूर्वोत्तर में जैव विविधता से संपन्न कई क्षेत्र हैं, इस कारण पर्यटन भी वहां की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा स्रोत है. सड़क परिवहन की स्थिति सुधरने के साथ-साथ उनसे जुड़ी दूसरी ढांचागत सुविधाएं बेहतर होने के कारण पूर्वोत्तर के प्राकृतिक स्थलों में अब पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगी है. हाल के वर्षों में गुवाहाटी और इंफाल चिकित्सा सेवा के बड़े केंद्रों के रूप में उभरे हैं, जहां बांग्लादेश और म्यांमार तक के मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं. पूर्वोत्तर बड़ी तेजी से शिक्षा केंद्र के रूप में उभर रहा है.

ये सब बेशक बड़ी उपलब्धियां हैं, पर पूर्वोत्तर की विरासत में ही ऐसी कई ढांचागत और सांस्कृतिक कमियां हैं, जो उसके विकास में बाधक हैं. इनमें से पहली है सुरक्षा तथा प्रभावी शासन की कमी. आजादी के बाद से ही पूर्वोत्तर में कई विद्रोह हुए, जिसने पूरे इलाके को हिंसा और गरीबी के दुश्चक्र में फंसा दिया. हाल के वर्षों में हिंसा में भले ही कमी आयी है, पर कुछ इलाके अब भी हिंसाग्रस्त हैं, जिससे आर्थिक प्रगति में बाधा पहुंचती है. मणिपुर, ऐसा ही एक अशांत क्षेत्र है. गवर्नेंस इंडेक्स में भी मणिपुर बहुत नीचे है, जो समावेशी नीति और पारदर्शिता की कमी से तो जूझ ही रहा है, वहां भ्रष्टाचार ने सांस्थानिक रूप ले लिया है और विवेकाधीन शक्तियों का अंधाधुंध इस्तेमाल होता है. अकुशल प्रशासन तथा कानून-व्यवस्था की दयनीय स्थिति कमोबेश समूचे पूर्वोत्तर की पहचान है. दूसरी कमी है उद्यमिता का अभाव. पूर्वोत्तर में उद्यमिता की संस्कृति इसलिए नहीं है, क्योंकि वहां के लोग परंपरावादी हैं. परंपरावादी समाज सामूहिक एकजुटता, सामूहिक मेल-मिलाप में विश्वास करता है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता, व्यक्तिगत प्रेरणा और जोखिम लेने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करता है, जो युवाओं में उद्यमिता की भावना भरने के लिए जरूरी है. इस समस्या का हल निकालने के लिए आइआइइ (इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप), आइआइआइटी (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी), इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट तथा पीएमयुवा जैसी संस्थाओं और कार्यक्रमों के जरिये पूर्वोत्तर के युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है. इन कोशिशों के जरिये बेशक कुछ सफलता मिली है, पर चुनौतियां बनी हुई हैं.

तीसरी कमी जमीन और श्रम से संबंधित है. पूर्वोत्तर में जमीन से जुड़े कानून पारंपरिक जनजातीय कानून हैं. चूंकि जमीन के रिकॉर्डों का सही तरीके से दस्तावेजीकरण नहीं हुआ है और जमीनों पर सामूहिक अधिकार हैं, इस कारण पूर्वोत्तर में जमीन की खरीद-बिक्री बहुत कठिन है. पूर्वोत्तर में श्रम भी सहज उपलब्ध नहीं है. स्थानीय लोगों के पास एक तो जरूरी कौशल नहीं है, तिस पर साधनहीन होने के बावजूद वे श्रमिकों के तौर पर काम करने के इच्छुक नहीं होते. ऐसे में, अधिक से अधिक श्रमिक बाहर से लाये जाते हैं. लेकिन बाहरी लोगों के प्रति आशंका के कारण खासकर उन इलाकों में बाहरी श्रमिकों का प्रवेश वर्जित है, जहां इनर लाइन परमिट लागू है. श्रमिकों की अबाध आवाजाही पर रोक पूर्वोत्तर में औद्योगीकरण की एक बड़ी बाधा है. चौथी कमी है बड़े बाजारों का न होना. कनेक्टिविटी के अभाव में पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों के गांव आत्मनिर्भर हैं. आपसी व्यापार की परिपाटी न होने से उत्पादकों में अपने उत्पादों की विशिष्टता का गुण पैदा नहीं हो पाया, न ही उनमें मार्केटिंग का कौशल विकसित हो पाया. इससे स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर बड़े बाजार विकसित नहीं हो पाये, जिससे औद्योगीकरण की सोच नहीं पनपी। अंतिम कारण है कि म्यांमार और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों में लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के कारण पूर्वोत्तर को विकसित करने और उसे दक्षिण पूर्व तथा पूर्वी एशियाई बाजारों से जोड़ने के प्रति झिझक और आशंका हमेशा बनी रही।

## लंबे समय तक बैठे रहना स्मोकिंग जितना खतरनाक, 19 बीमारियां होने का भी रिस्क

अगर आप घंटों एक ही जगह पर बैठकर काम करते हैं और किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज नहीं करते हैं तो यह खतरनाक हो सकता है. ये शरीर के लिए स्मोकिंग जितना नुकसानदायक है और कई बीमारियों का खतरा बढ़ाता है. हाल ही में हुई एक रिसर्च में पता चला है कि जो लोग घंटों बैठे रहते हैं और फिजिकल वर्क नहीं करते हैं तो उनमें डायबिटीज समेत 19 बीमारियों का खतरा रहता है, जबकि जो लोग सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की कोई भी शारीरिक गतिविधि करते हैं, उनमें 19 पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है.

University of Iowa की रिसर्च में यह जानकारी सामने आई है. यह अध्ययन 7,000 से अधिक रोगियों के डेटा पर आधारित था, जिन्होंने अपनी शारीरिक गतिविधि के स्तर की जानकारी दी थी. जो लोग घंटों बैठकर काम करते थे. उनके शरीर में स्मोकिंग जैसे प्रभाव देखे गए थे. ये लोग टाइप-2 डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर, हाई बीपी, मोटापा, जोड़ों में दर्द, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, एंग्जायटी, इंसुलिन रजिस्टेंस, जोड़ों में अकड़न , रीढ़ की समस्याएं, हाई कोलेस्ट्रॉल, फैटी लिवर, किडनी डिजीज और कमजोरी से पीड़ित थे. इनमें किसी न किसी को इनमें से कोई एक समस्या थी. जबकि जो लोग एक्सरसाइज करते थे और घंटों एक ही जगह बैठकर काम नहीं करते थे उनमें इन बीमारियों का खतर काफी कम था.

**लोगों को एक्सरसाइज के फायदों के बारे में बताना चाहिए**

रिसर्च यह भी सुझाव दिया गया कि डॉक्टरों को लोगों को एक्सरसाइज के फायदों के बारे में बताना चाहिए.निष्क्रिय जीवनशैली के प्रभावों को कम करने के लिए नियमित रूप से हल्की गतिविधियाँ, जैसे हर घंटे 5 मिनट चलना या स्ट्रेचिंग करना, सहायक हो सकता है. रिसर्च में कहा गया है कि अगर कोई घंटों एक जगह पर बैठता भी है तो ऐसा करने से बचना चाहिए. बीच-बीच में ब्रेक लेकर टहलना और स्ट्रेचिंग काफी जरूरी है. अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन का कहना है कि बीमारियों से बचने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है।

# पाक भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

– ललित गर्ग –



भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें।

भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो।

भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं। भारत- पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था।

ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। इससे सिद्ध हो गया कि ट्रंप जो कुछ कह रहे, वह सही नहीं, राजनीतिक महत्वाकांक्षा का बेहूदा प्रदर्शन है।

भारत अभी भी पाक लिये सख्त बना हुआ है, क्योंकि उसकी भूलें अक्षम्य है। भारत की पाक के खिलाफ सख्त कार्रवाइयों में मुख्य हैं सबसे प्रमुख सिंधु जल समझौते को स्थगित करना, चूंकि पाक सिंचाई संबंधी आवश्यकता के लिए एक बड़ी हद तक सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है, इसलिए भारत के फैसले से उसे बड़ा झटका लगना स्वाभाविक है। पाक की कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के लिए इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इसके साथ ही भारत ने पाक के साथ तमाम व्यापारिक रिश्ते समाप्त कर दिये हैं। जिससे पाक की अर्थ-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भारत की ऐसी जवाबी कार्रवाइयों से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद पाक सुधरने को तैयार नहीं है। पाक की दुनियाभर में तीव्र भर्त्सना और निन्दा हो रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले रेजिस्टेंस फोर्स की लानत-मलानत ही हुई, पाक की किसी भी बात को तवज्जो नहीं दी गयी, बल्कि उसे फटकार लगी। पाक का टूटना बिखरना खयाली पुलाव नहीं, बल्कि यह उसके आतंकी षडयंत्रों की नियति है।

पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से यह एक सोची-समझी आतंकी साजिश थी। इसका मकसद सांप्रदायिक तनाव को भड़काना और कश्मीर में फल-फूल रहे पर्यटन को नुकसान पहुंचाना था। वहां शांतिपूर्ण चुनाव होने एवं चुनी हुई सरकार का सफलतापूर्वक चलना भी पाक के लिये नागवार गुजर रहा था। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद अथक प्रयासों से आ रही शांति एवं समृद्धि के दम पर हालात सामान्य होते जा रहे थे। उसे पाक आका एवं आतंकी छिन्न-भिन्न करना चाहते थे। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 25 मई को स्काई न्यूज पर साक्षात्कार में आतंकी ढांचे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, ह्यहम तीन दशकों से आतंक को पालना-पोसने का गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन के लिए करते आए हैं।ह्ल पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी आतंकी ढांचे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक अतीत रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि आतंक पाक का अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी है। यह उसकी मौजूदा नीति है, इसी के तहत पाक समय-समय पर भारत की शांति को क्षत-विक्षत करने की कुचेष्ठा करता रहा है।

अपनी कार्रवाई में भारत ने नागरिक या सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन आतंकी ढांचे पर सटीक एवं प्रभावी प्रहार किया। अपनी विश्वसनीयता के लिए भारत ने साक्ष्य भी प्रस्तुत किए कि यह कोई खुफिया अभियान न होकर एकदम खुली चेतावनी थी। भारत अब भी अपनी बात पर कायम है कि अगर पाक शांति चाहता है, पडोसी धर्म को निभाना चाहता है तो पहले उसे अपने यहां आतंकी ढांचा समाप्त करना होगा। आतंक के साथ न वार्ता हो सकती है और न व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। भारत का रुख एकदम स्पष्ट है और अब पाक को तय करना है कि वह क्या चाहता है। भारत पाक और चीन की कुचालों को समझता है, इसीलिये रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की भी जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा। इन्हीं जरूरतों को देखते हुए भारत अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने में जुटा है। लेकिन भारत युद्ध नहीं चाहता, शांति एवं अमन ही उसका लक्ष्य है। भारत ने वैसे भी ह्यनो फर्स्ट यूजह्ल की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में सही साबित हुए राहुल



पिछले तीन सालों से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में एक अब बड़ा मोड़ आ गया है और आशंका तीसरे विश्वयुद्ध की जताई जा रही है। दरअसल यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने ड्रोन हमलों में रूस के 40 से अधिक बमवर्षक विमानों को निशाना बनाया है। इनमें टीयू -95 और टीयू-22 बमवर्षक विमान भी शामिल हैं। ये दोनों एयरक्राफ्ट परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम थे। यूक्रेन का कहना है कि रूस के पास ऐसे करीब 120 विमान हैं, जिनमें से 40 को नष्ट कर उसने रूस को बड़ी सैन्य क्षति पहुंचाई है और इस तरह युद्ध में बढ़त ले ली है। इस हमले की जानकारी खुद यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदीमीर जेलेंस्की ने देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि 'आज एक शानदार अभियान चलाया गया – दुश्मन की जमीन पर, केवल सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। विशेष रूप से उन उपकरणों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल कर यूक्रेन पर हमला किया गया।

रूस पर यूक्रेन ने जो हमला किया है, उसका एक खास पहलू यह है कि लगभग 11 महीनों की गुप्त तैयारी के बाद रूस की जमीन से ही उसके विमानों को निशाना बनाने का दुस्साहस यूक्रेन ने दिखाया है।

यूक्रेन ने कहा है कि इस हमले को 'ऑपरेशन स्पाइडर्स वेब' के तहत अंजाम दिया गया। इसमें कई छोटे ड्रोनों को रूस में स्मगलिंग के जरिए पहुंचाया गया। उन्हें मालवाहक ट्रकों में रखा गया। इसके बाद हजारों मीलों दूर अलग-अलग चार जगहों पर ले जाकर उन्हें नजदीकी सैन्य हवाई अड्डों पर निशाना साध कर चलाया गया।

इस हमले के बाद अब रूस की तरफ से कैसे जवाबी हमला किया जाता है इसको लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं, क्योंकि अब परमाणु अस्त्र के इस्तेमाल का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकार यूक्रेन के इस हमले की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध में पर्ल हार्बर पर हमले से कर रहे हैं जिसके बाद जापान को घुटनों पर लाने के लिए परमाणु बम अमेरिका ने गिराए थे। हालांकि इन हमलों के बीच ही तुर्किए में रूस और यूक्रेन दोनों के बीच युद्ध रोकने पर वार्ता भी होनी थी, तो माना जा रहा है कि यूक्रेन ने रूस पर दबाव बनाने के लिए अभी हमले करवाए। जेलेंस्की अब भी कह रहे हैं कि रूस हमारी बात सुने तो शांति संभव है।

गनीमत है कि इतने भीषण हमलों के बीच शांति की बात हो रही है। हालांकि अमेरिका भी पहले रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम की पेशकश कर चुका है, मगर बदले में वह जिस तरह यूक्रेन के प्राकृतिक संसाधन चाहता है, उस पर जेलेंस्की ने हां नहीं कहा है। कुछ महीनों पहले दोनों के बीच व्हाइट हाउस में जो तीखी बहस हुई थी, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब यूक्रेन यह मान रहा है कि उसने इन हमलों से अमेरिका को भी अपने सामर्थ्य का एहसास करा दिया है।

पाठक जानते हैं कि रुस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर अमेरिका ने उसी तरह की दखलंदाजी की, जैसी इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच के अल्पकालिक संघर्ष में की थी। पाकिस्तान तो पूरी तरह अमेरिका परस्त देश है, इसलिए उसने इस दखलंदाजी को न केवल सहर्ष स्वीकार किया, बल्कि इसके लिए धन्यवाद भी दे दिया। जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर अब तक मुंह नहीं खोला है कि ट्रंप को हमारे मामले में इतना दखल देने का हक कैसे मिला। बहरहाल, यूक्रेन के हमले के बाद अब अमेरिका ने फिर दावा किया है कि रूस कुछ बड़ा करने वाला है। लेकिन यूक्रेन और रूस दोनों आपस में लड़ते हुए भी अमेरिका को किस तरह ज्यादा बीच में नहीं पड़ने दे रहे हैं, यह भी वैश्विक कूटनीति का एक दिलचस्प पहलू है। क्योंकि कुछ दिन पहले डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पुतिन को लेकर कहा था कि 'वह आग से खेल रहे हैं!' जिसके बाद पूर्व राष्ट्रपति और रूस की नेशनल सिक्योरिटी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी दिनित्री मेदवेदेव ने जवाब दिया था कि 'मैं सिर्फ एक ही बुरी चीज जानता हूं - तीसरा विश्व युद्ध। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप इसे समझते हैं!'

वैसे रूस ने यह तो स्वीकार किया है कि यूक्रेन की तरफ से हमला हुआ है, लेकिन कितना नुकसान वास्तव में हुआ है, यह नहीं बताया है। अपने पांच प्रांतों में यूक्रेनी हमलों की पुष्टि करते हुए रूस ने इसे 'आतंकी हरकत' बताया है। साथ ही यह भी बताया है कि उसके कुछ विमानों में ड्रोन हमलों के कारण आग लगी है। इतनी स्वीकारोक्ति भी तब बहुत बड़ी बात लगने लगती है, जब हम अपने देश में देखते हैं कि सरकार कैसे चीजों पर पर्दा डालने की कोशिश करती है। पाकिस्तान के हमले में कितने विमानों को नुकसान हुआ, इस सवाल का जवाब सार्वजनिक तौर पर न सही, कम से कम सर्वदलीय बैठकों में सरकार विपक्ष को दे देती तो फिर विदेशी मीडिया को हमारे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से यही सवाल करने की नौबत ही नहीं आती। लेकिन मोदी सरकार युद्ध जैसे गंभीर माहौल में सियासी चाल चलने से खुद को रोक नहीं पा रही। ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मनाते पूरे देश में प्रधानमंत्री घूम रहे हैं और पहलगाम के बाद बढ़ी उलझनें सुलझ ही नहीं पा रही हैं। बहरहाल, यूक्रेन ने जिस तरह इस बार रूस को चौंका दिया है, उसके पीछे युद्ध में ड्रोन का इस्तेमाल है। याद करें कि इस साल फरवरी में राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर बताया था कि 'ड्रोन ने युद्ध में क्रांति ला दी है। इसकी बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स ने मिलकर युद्ध के मैदान में संचार का अभूतपूर्व तरीका इजाद किया। रूस-यूक्रेन युद्ध में बड़े-बड़े टैंकों का इस छोटे से ड्रोन के कारण सफाया हो रहा है। यह अगला रिवॉल्यूशन है।

## राजनीतिक उथल-पुथल के कारण दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाएं संकट में

– आशीष विश्वास

वर्तमान स्थिति ने कुछ देशों को दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित किया है। हाल ही में, बांग्लादेशी अर्थशास्त्री और राजनीतिक नेता मध्यम अवधि में देश के भविष्य के बारे में अपनी गहरी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। निर्यात में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने या साल दर साल बढ़िया प्रेषण अर्जित करने के मामले में बांग्लादेश पाकिस्तान समेत कई देशों से काफी आगे है।

दक्षिण एशिया में आम तौर पर, हाल के दिनों में राजनीति से जुड़ी सामूहिक हिंसा का स्तर बढ़ रहा है, जिससे अधिकांश देशों में सत्तारूढ़ दलों/प्रतिष्ठानों में चिंताएं पैदा हो रही हैं। बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार या भारत में ऐसी हिंसा से लाखों लोगों के जीवन पर नकारात्मक असर पड़ा है! इसके अलावा, कोविड के बाद की अवधि के दौरान बिगड़ती आर्थिक स्थिति भी मौजूदा सामाजिक तनावों में योगदान देने वाले एक प्रमुख कारक के रूप में उभरी है।

नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में थिंक टैंक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों और राजनीतिक नेताओं ने पूरे क्षेत्र में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के भविष्य के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं।

वर्तमान राजनीतिक रुझानों का बड़े पैमाने पर विश्लेषण करने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि चीन और यूरोप में लंबे समय से आर्थिक संकट चल रहा है, जिसके कारण दुनिया भर में उत्पादन में कमी आई है और अफ्रीका और एशिया के छोटे देशों में मांग में कमी आई है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका में 2008-09 के सबप्राइम आर्थिक संकट के कारण मंदी आई थी, जिसके प्रभाव अभी भी कम नहीं हुए हैं।

इसके अलावा, हाल ही में कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण अल्पावधि में विश्व अर्थव्यवस्था में स्थिरता की संभावनाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे कई देशों में मंदी जैसी स्थिति पैदा हो गयी है। यूक्रेन और मध्य पूर्व में सशस्त्र संघर्ष छिड़ गये हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। इन लड़ाइयों को सुलझाने के लिए शीर्ष स्तर की वार्ता अभी शुरू हुई है और कोई नहीं जानता कि इसमें कितना समय लग सकता है।

वर्तमान स्थिति ने कुछ देशों को दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित किया है। हाल ही में, बांग्लादेशी अर्थशास्त्री और राजनीतिक नेता मध्यम अवधि में देश के भविष्य के बारे में अपनी गहरी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं। निर्यात में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने या साल दर साल बढ़िया प्रेषण अर्जित करने के मामले में बांग्लादेश पाकिस्तान समेत कई देशों से काफी आगे है। प्रति व्यक्ति जीडीपी आय के मामले में इसने भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है!

पिछले दशक के दौरान बांग्लादेश के प्रभावशाली आर्थिक प्रदर्शन ने इसे मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में शामिल होने में सक्षम बनाया था, क्योंकि इसने संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त कुछ मानदंडों को आसानी से पूरा किया था। दुर्भाग्य से, बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक संकट ने इसकी अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने और अधिक विकसित देशों के बीच भी अपनी स्थिर आर्थिक प्रगति जारी रखने की इसकी पहले की उच्च उम्मीदों को खत्म कर दिया है। ढाका स्थित विश्लेषकों को अब डर है कि लगभग 1700 लाख लोगों वाले देश में कम से कम 320 लाख युवा बेरोजगार हैं। इससे भी बदतर यह है कि यूरोप और अमेरिका दोनों ही विदेशियों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर रहे हैं, चाहे वे छात्र हों या श्रमिक, जिससे बांग्लादेश जैसी निर्यात-उन्मुख और जनशक्ति पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के लिए चीजें पहले से कहीं अधिक कठिन हो गयी हैं। बांग्लादेश में कुछ राजनीतिक नेता हाल के दिनों में गरीब लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि को लेकर चिंतित हैं।

## नॉर्थ कैरोलिना के हिकरी शहर में गोलीबारी, एक की मौत, 11 घायल

**हिकरी (नॉर्थ कैरोलिना)।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के हिकरी शहर में एक घर में चल रही पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। इनमें से एक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। कटावा काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, यह वारदात उस समय घटी जब दर्जनों लोग एक निजी निवास पर पार्टी मना रहे थे। सूचना के बाद पुलिस को मौके पहुंची और घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां 10 लोगों की हालत गंभीर और एक की अवस्था नाजुक में बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नॉर्थ कैरोलिना स्टेट ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन, हिकरी पुलिस विभाग और एफबीआई संयुक्त रूप से जांच में जुटे है। अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि कुल कितनी गोलियां चलाई गई। शेरिफ कार्यालय के मेजर एरन टर्क ने बताया कि जिस गली में यह गोलीबारी हुई, वह इलाका आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रहे है, जिनमें पार्टी में शामिल लोगों की भूमिका और कोई पुरानी रंजिश शामिल हो सकती है।

## लीबियाई अधिकारियों ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफ्रीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा 'नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गये 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गयी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवास संगठन के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक 9,285 प्रवासियों को रोका गया है और उन्हें लीबिया वापस भेजा गया है, जबकि 160 प्रवासियों की मौत हो गई और 234 अन्य मध्य भूमध्यसागरीय मार्ग पर लापता हो गए।

## नवरोकी पोलैंड के राष्ट्रपति चुने गये, मतगणना पूरी: चुनाव आयोग



**वारसॉ।** पोलैंड की विपक्षी लॉ एंड जस्टिस पार्टी के उम्मीदवार करोल नवरोकी ने पोलैंड के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गये है। श्री नवरोकी को 50.89 प्रतिशत मत मिले। चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार शत-प्रतिशत मतों की गणना के बाद विपक्षी उम्मीदवार करोल नावरोकी पोलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं। श्री नवरोकी को 50.89 प्रतिशत मत मिले। चुनाव आयोग ने श्री नवरोकी के नाम के आगे लिखा, 'उन्हें दूसरे चरण के मतदान में चुना गया।' सत्तारूढ़ सिविक गठबंधन के उम्मीदवार रफाल ट्रज़ाकोव्स्की को 49.11 प्रतिशत मत मिले।

## इजरायल ने यमन की ओर से दागी गयी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गयी मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गयी मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गयी मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं।इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है, जहां अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायली हमले में 54,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

# यूक्रेन बॉर्डर के पास पुल ढहने के बाद पटरी से उतरी ट्रेन, 7 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**मास्को।** रूस के ब्रायंस्क में रेलवे पुल ढहने की वजह से एक ट्रेन पटरी से डिरेल हो गई। इस हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ब्रायंस्क क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगा हुआ है। अधिकारियों ने हुई इस घटना के पीछे अवैध हस्तक्षेप को कारण बताया है। ब्रायंस्क रीजन के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने जानकारी दी है कि हॉस्पिटल में भर्ती लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। रूसी राज्य समाचार एजेंसियों ने मेडिकल सोर्स का हवाला देते हुए बताया कि मरने वालों में लोकोमोटिव ड्राइवर भी है। मिनिस्ट्री ऑफ इमरजेंसी सिचुएशन ने टेलीग्राम पर बताया कि घटनास्थल पर लगभग 180 कर्मियों को तैनात



किया गया था, जिनका फोकस घायल का पता लगाने और उसे बचाने पर था। रूस के बाजा टेलीग्राम चैनल की रिपोर्ट, जो अक्सर कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सेवाओं से प्राप्त जानकारी साझा करता है, के मुताबिक प्रारंभिक निष्कर्षों से पुल को उड़ाने का संकेत मिलता है। हालांकि, चैनल ने दावे का समर्थन करने के लिए सबूत नहीं दिए। युद्ध की शुरुआत के बाद से ब्रायंस्क क्षेत्र पड़ोसी कुर्स्क और बेलगोरोड क्षेत्र के साथ बार-बार सीमा पार से गोलाबारी, ड्रोन हमलों और यूक्रेनी क्षेत्र से गुप्त घुसपैठ का सामना कर रहा है। गवर्नर बोगोमाज ने कहा कि ट्रेन क्लिमोवो से मॉस्को जा रही थी। इस बीच वह ब्रायंस्क क्षेत्र के वायगोनिचस्की जिले में एक संघीय राजमार्ग के पास ढह गए पुल से टकरा गई।

यह जिला यूक्रेनी सीमा से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) दूर स्थित है। वहीं, रूस-यूक्रेन संघर्षर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मास्को और कीव से युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति समझौते पर सहयोग करने का आह्वान किया है। इस बीच रूस ने यूक्रेनी अधिकारियों के साथ सीधी बातचीत के दूसरे दौर का प्रस्ताव रखा है, जो अगले सप्ताह इस्तांबुल में होने वाला है।

## अपने गिरफ्तार नेता से मिलने गए सांसद को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया

**एजेंसी**

**काठमांडू।** राजतंत्र समर्थकों के प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार पार्टी के शीर्ष नेता से मिलने गए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद दीपक सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने पार्टी के केंद्रीय समिति की आकस्मिक बैठक बुलाई है। इसमें कल से प्रदर्शन की रणनीति को लेकर चर्चा होने वाली है। राजतंत्र की पुनर्बहाली को लेकर पिछले चार दिनों से चल रहे प्रदर्शन के आज चौथे दिन पुलिस ने पहले लाठी चार्ज किया और उसके बाद आरपीपी के शीर्ष नेता कमल थापा को घसीटते हुए गिरफ्तार कर लिया। अपनी पार्टी के नेता से गिरफ्तारी के बाद मिलने थाना पहुंचे आरपीपी के सांसद दीपक बहादुर सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सांसद सिंह ने कहा कि वो काठमांडू जिला के पुलिस थाना में अपने नेता कमल



थापा से मिलने पहुंचे, तभी उन्हें भी हिरासत में ले लिया गया है। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता एसएसपी अपील राज बोहरा ने बताया कि निषेधाज्ञा तोड़ कर प्रधानमंत्री निवास की तरफ बढ़ने का प्रयास किया, जिसके आरोप में उन्हें हिरासत में लिया गया है।

## राष्ट्रपति पेजेशकियन अली मदनीजादेह को वित्त मंत्री बनाने का करेंगे प्रस्ताव

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन आर्थिक मामलों और वित्त विभाग के मंत्री के पद के लिए अर्थशास्त्र के प्रोफेसर अली मदनीजादेह के नाम का संसद के समक्ष प्रस्ताव करने की तैयारी में हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह बात कही गई है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि अगर मदनीजादेह को मजलिस से विश्वास मत हासिल करने में सफलता मिलती है, तो वे अब्दोलनासर हेममती की जगह लेंगे, जिन पर 2 मार्च को महाभियोग लगाया गया था।

सेंट्रल बैंक के पूर्व गवर्नर हेममती पर रूढ़िवादी-बहुमत वाली मजलिस के एक बड़े हिस्से ने देश की भयावह मुद्रास्फीति की स्थिति और ईरानी रियाल के मूल्य में तेजी से गिरावट को काबू करने में विफलता का आरोप लगाया था। महाभियोग मतदान के दौरान मौजूद मजलिस के लगभग दो-तिहाई सदस्यों ने उन्हें हटाने के प्रस्ताव



का समर्थन किया। प्रतिबंध-प्रभावित देश में छह महीने पहले ही उन्होंने पदभार संभाला था। उनके हटाए जाने के बाद, रहमतुल्लाह अक्रमी कार्यवाहक अर्थव्यवस्था मंत्री थे, लेकिन राष्ट्रपति पेजेशकियन ने उन्हें इस प्रमुख पद के लिए प्रस्तावित नहीं किया है। मदनीजादेह शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं।

अपने स्कूली वर्षों के दौरान, उन्होंने ईरानी गणित ओलंपियाड में स्वर्ण पदक और अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में कांस्य पदक जीता। ईरानी मीडिया के अनुसार, उन्होंने शरीफ, स्टैनफोर्ड और शिकागो विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है।

## नेपाल के पूर्व राजपरिवार को राजदरबार में प्रवेश की अनुमति नहीं

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने देश के पूर्व राजपरिवार को राजदरबार में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी है। पूर्व राजपरिवार की तरफ से राजदरबार में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिस पर सरकार ने रोक लगा दी है। नेपाल में राजपरिवार के हत्याकांड की बरसी पर राजदरबार के सदस्यों द्वारा सोमवार को दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके लिए पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह ट्रस्ट की तरफ से सभी को इसमें सहभागी होने की अपील की गई थी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी लेकिन रविवार शाम अचानक नेपाल सरकार की तरफ से पूर्व राजपरिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी गई है। नेपाल ट्रस्ट के अधीन रहे राजदरबार में किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति किसी को नहीं है- इस तरह की सूचना जारी कर राजपरिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम को रोका गया है। ट्रस्ट की तरफ से



जारी बयान में कहा गया है कि राजदरबार के आसपास के क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा निषेधाज्ञा जारी किया गया है इसलिए राजदरबार में किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जा रही है। 1 जून 2001 की शाम को नारायणहिटी राजदरबार के भीतर ही नेपाल के तत्कालीन राजा वीरेंद्र सहित उनके परिवार के सभी सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह की तरफ से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सरकार द्वारा इस कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह की तरफ से यह जानकारी दी गई है कि यह कार्यक्रम अब राजदरबार में न होकर कहीं और किया जाएगा।

# राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, पूर्व उपप्रधानमंत्री थापा सहित कई गिरफ्तार

**एजेंसी**

**काठमांडू।** राजतंत्र समर्थकों के प्रदर्शन के चौथे दिन पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के कुछ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। राजतंत्र समर्थकों ने कल से आंदोलन को और अधिक तेज आंदोलन करने की घोषणा की है।

देश में राजतंत्र की वापसी और हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग लेकर 29 मई से जारी आंदोलन में आज उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। निषेधित क्षेत्र होने के कारण वहां भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। साथ ही सुरक्षा घेरा मजबूत करने के लिए तीन लेयर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस का



सुरक्षा घेरा तोड़ कर निषेधित प्रधानमंत्री आवास की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज किया और कुछ बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता एसपी अपील बोहरा ने कहा है कि निषेधित क्षेत्र तोड़ने के आरोप में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेता तथा पूर्व उपप्रधानमंत्री कमल थापा सहित पांच प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस ने पूर्व उपप्रधानमंत्री को सड़क पर घसीटते हुए ले गए और उन्हें पुलिस की गाड़ी में बिठाया गया। इस दौरान कमल थापा ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन ने कल से काठमांडू में और अधिक तेज प्रदर्शन की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि यदि गिरफ्तार नेताओं की तत्काल रिहाई नहीं की जाती है तो कल से काठमांडू में चक्का जाम किया जाएगा।

## बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी ने बहाली के लिए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया

**एजेंसी**



**ढाका।** पाकिस्तान के प्रमुख राजनीतिक दल जमात-ए-इस्लामी ने आज पार्टी के पंजीकरण और चुनाव चिन्ह की बहाली के लिए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय डिवीजन के ताजा आदेश की प्रति भी सौंपी। प्रतिनिधिमंडल और आयोग के अधिकारियों के बीच बैठक अगरगांव स्थित आयोग भवन के सम्मेलन कक्ष में दोपहर 12:15 बजे हुई। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन भी मौजूद रहे। बांग्लादेश ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार जमात के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक महासचिव हमीदुर रहमान आजाद ने किया। अन्य सदस्यों में पार्टी नेता एडवोकेट अहसानुल महबूब जुबैर, एडवोकेट जसीम उद्दीन सरकार, एडवोकेट मतिउर रहमान अकांदा, मुबारक हुसैन और एडवोकेट मोहम्मद शिशिर मोनिर मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय डिवीजन ने 2013 के हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें जमात के पंजीकरण को अवैध घोषित करते हुए रद्द कर दिया गया था।

# 'पाकिस्तान भीख के पैसे से फैलाता है आतंकवाद, भारत को कुचलना आता है'

**एजेंसी**

**लंदन।** भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पूर्व केंद्रीयमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यहां पाकिस्तान के चेहरे को बेनकाब किया। लंदन के इंडिया हाउस में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात में भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि पाकिस्तान एक तरफ भीख मांगता है और दूसरी तरफ आतंकवाद फैलाता है। भारत आतंकवाद को कुचलना जानता है और इसके लिए किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों में हमारे साथी यह संदेश दे रहे हैं। आप (भारतीय प्रवासी) लोग हमारे राजदूत हैं। हम लड़ाई करेंगे। भारतीय सेना वहां लड़ेगी। हमें कूटनीतिक लड़ाई लड़नी है। सोशल मीडिया की लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ने से पाकिस्तान परेशान है। इसीलिए उसने पहलगाम में आतंकी हमला कराया। भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर से जवाब दिया तो दुनिया में पाखंड फैला रहा है। इस प्रतिनिधमंडल के वरिष्ठ सदस्य पूर्व केंद्रीयमंत्री और वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर ने कहा कि अहिंसा के पुजारी गांधी जी ने कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ अहिंसा नहीं उसका मजबूती से मुकाबला होना चाहिए। भारत आज बापू के बताए रास्ते पर चल रहा है। आज भारत का संदेश स्पष्ट है कि वह कभी पीछे नहीं हटेगा। भाजपा सांसद दग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने कहा कि भारत जिम्मेदार राष्ट्र है। उसने कभी किसी दूसरे देश के खिलाफ हथियार नहीं उठाए हैं। पुरंदेश्वरी ने कहा कि पहलगाम में एक महिला ने आतंकवादी से विनती की कि तुमने मेरे पति को मार दिया है, अब मुझे भी मार दो, तो जवाब मिला - 'हम तुम्हें नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को बताओ'। उन्होंने कहा कि इसके बाद दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान में क्या हुआ। इस अवसर पर भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि उसका निर्माण इसलिए हुआ क्योंकि भारत ने गृहयुद्ध नहीं बल्कि शांति का रास्ता चुना। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे 9/11 हमले का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में छिपा हुआ था। भारत का एक प्रतिनिधिमंडल मोनरोविया (लाइबेरिया) पहुंचा है। यहां भाजपा नेता एसएस अहलूवालिया ने कहा कि पाकिस्तान सोचता है कि इस्लामी दुनिया उनके साथ खड़ी होगी। हमने यूएई से कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने के लिए कुरान और धर्म का इस्तेमाल करता है। उसका कुछ उपाय कीजिए।

## कनाडा में जंगल में भीषण आग: तीन प्रांतों से हजारों लोगों का पलायन, अमेरिका तक पहुंचा धुएं का असर

**एजेंसी**

**फ्लिन फ्लोन (मैनिटोबा)।** कनाडा के तीन प्रांतों मैनिटोबा, सस्केचेवान और अल्बर्टा में तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण अब तक 25,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। साथ ही इस आपदा का असर अब अमेरिका के सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचने लगा है, जहां वायु गुणवत्ता अस्वास्थ्यकर स्तर तक गिर गई है।जंगल में लगी आग की वजह से मैनिटोबा सरकार ने पहले ही आपातकाल की घोषणा कर दी है। अकेले यहां से 17,000 लोग निकाले जा चुके हैं। फ्लिन फ्लोन क्षेत्र में 5,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जबकि क्रैनबेरी पोर्टेज में आग ने बिजली आपूर्ति बाधित कर दी है, जिससे लगभग 600 लोगों को अनिवार्य रूप से निकाला गया। सबसे पहले आग सस्केचेवान के क्रेटन क्षेत्र में भड़की



थी और फिर तेजी से मैनिटोबा की ओर फैल गई। घने धुएं और ड्रोन गतिविधियों के कारण अग्निशमन विमानों को भी बीच-बीच में रोकना पड़ा है। अमेरिका ने मदद का हाथ बढ़ाते हुए आग बुझाने के लिए एयर टैंकर और 150 अग्निशमन कर्मियों के साथ उपकरण भेजे हैं। अमेरिकी पर्यावरण एजेंसी ने बताया है कि नॉर्थ डकोटा, मिनेसोटा, मोंटाना और साउथ डकोटा में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर तक पहुंच चुकी है। वहीं, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में कनाडाई धुएं की कई और लहरें अमेरिका में प्रवेश कर सकती हैं।

## अमेरिका में दो पुलिस अधिकारियों पर हमला, एक की मौत


**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में दो पुलिस अधिकारियों पर शनिवार रात घात लगाकर हमला किया गया। इस हमले में एक अधिकारी की मौत हो गई। यह गोलीबारी लॉस एंजिल्स काउंटी के बाल्डविन पार्क शहर में प्रशांत समयानुसार शाम 7-12 बजे हुई। एबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट जी. लूना ने रविवार आधीरात को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोनों पुलिस अधिकारियों की चेतावनी पर संदिग्ध ने उन पर गोली चला दी। बाल्डविन पार्क के मेयर एलेजांद्रा एविला ने कहा कि हमले में पुलिस अधिकारी सैमुअल रिवरोस की मौत हो गई। लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग ने रिवरोस को लिंकन हाइट्स में लॉस एंजिल्स जनरल मेडिकल सेंटर ले जाया गया। सेंटर के डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाल्डविन पुलिस विभाग ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सैमुअल रिवेरोस बहादुर पुलिस अधिकारी थे। वह हमारी स्मृतियों में वह सदैव जीवित रहेंगे। गोलीबारी में घायल पुलिस अधिकारी एंथनी पिमेंटेल का लॉस एंजिल्स जनरल मेडिकल सेंटर में इलाज चल रहा है। लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट जी. लूना ने कहा कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उसके पास से राइफल बरामद कर ली गई है।

# अमेरिका के कोलोराडो प्रांत में आतंकी हमला, छह प्रदर्शनकारी यहूदी घायल

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलोराडो प्रांत के बोल्डर में हुए हमले में कम से कम छह लोग घायल हो गए। सभी छह लोग बुरी तरह झुलसे हुए हैं। इनमें एक की हालत ज्यादा खराब है। संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने कहा कि इसकी आतंकवादी हमले के रूप में जांच हो रही है। लक्षित हमले को अंजाम देने वाला संदिग्ध 'स्वतंत्र फिलिस्तीन' चिल्लाया और एक फ्लेम थ्रोवर से हमला किया। हमलावर ने यहूदी प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाया गया। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि आतंकी समूह हमास बंधकों को रिहा करे। संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद सबरी सोलिमान के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध के बीच अमेरिका में यहूदी समुदाय के खिलाफ बढ़ती हिंसा की श्रृंखला में यह नया हमला है। यह घटना वाशिंगटन डीसी में कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर दो इजराइली दूतावास कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या के कुछ दिनों बाद हुई। एनबीसी न्यूज के अनुसार, दो वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने रात को बताया कि संदिग्ध मोहम्मद सबरी सोलिमन मिस्र का नागरिक है। कोलोराडो के गवर्नर जेरेड पोलिस ने हमले की निंदा की और इसे घृणित कृत्य कहा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है



कि संदिग्ध पर कानून की पूरी हद तक मुकदमा चलाया जाएगा। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। बोल्डर पुलिस प्रमुख स्टीफन रेडफर्न ने बताया कि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। बाकी लोगों को मामूली चोट आई हैं। चार लोगों को बोल्डर सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया और दो को मेट्रो डेनवर में ऑरोरा अस्पताल बर्न यूनिट में एयरलिफ्ट किया गया। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर कहा कि हम पीड़ितों के लिए प्रार्थना में एकजुट हैं। महान देश में आतंक के लिए कोई जगह नहीं है। सीनेट अल्पसंख्यक नेता चक शूमर ने कहा कि यह भयावह है और यह जारी नहीं रह सकता। हमें यहूदी-विरोधी भावना के खिलाफ़ खड़ा होना चाहिए। एफबीआई निदेशक काश पटेल और होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने इस घटना को आतंकवादी हमला बताया। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बोल्डर में हुए हमले के बारे में जानकारी दे दी गई है। सीएनएन की खबर के अनुसार, एफबीआई डेनवर के विशेष एजेंट-इन-चार्ज मार्क मिचलेक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संदिग्ध सोलिमन नेअस्थायी फ्लेमथ्रोवर का इस्तेमाल किया और भीड़ में एक आग लगाने वाला उपकरण फेंका। यह घटना बोल्डर रन फॉरर देयर लाइव्स इवेंट के दौरान हुई। सभी पीड़ित बुजुर्ग हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध को 2005 में संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि संदिग्ध ने कब या कैसे अमेरिका में प्रवेश किया।

## कौन हैं राजस्थान की

# नंदिनी गुप्ता

## मिस वर्ल्ड का ताज तो नहीं पर दिल जीत ले गईं



72वें मिस वर्ल्ड का ग्रैंड फिनाले तेलंगाना के हैदराबाद के हाइटेक्स प्रदर्शनी सेंटर है. ये केवल एक ब्यूटी पेजेंट ही नहीं बल्कि उससे कहीं ज्यादा है. इस मंच पर ना सिर्फ बाहरी खूबसूरती, बल्कि इंटेलिजेंस, ग्रेस और पर्सनालिटी की सच्चाई का भी प्रदर्शन होता है. इस मंच में इस बार सबकी निगाहें नंदिनी गुप्ता पर टिकी थीं, जो मिस वर्ल्ड 2025 के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थीं. हालांकि, इस बार भारत का ये सपना, सपना ही रह गया.

72वें मिस वर्ल्ड के ग्रांड फिनाले में इस बार भारत का सपना टूट गया. देश की तरफ से प्रतिनिधित्व कर रही नंदिनी गुप्ता क्राउन तक तो नहीं पहुंच पाईं, लेकिन दिल जरूर जीत ले गईं. नंदिनी ने अपनी खूबसूरत मुस्कुराहट और हाजिर जवाबी से लोगों का दिल जीत लिया. आइए आपको बताते हैं, राजस्थान की इस खूबसूरत लड़की के बारे में कुछ खास बातें.



**कोटा की रहने वाली हैं नंदिनी**

नंदिनी गुप्ता राजस्थान के कोटा की रहने वाली हैं. उनके पिता का नाम सुमित गुप्ता है, जो बिजनेसमैन हैं और उनकी मां का नाम रेखा गुप्ता है, जो हाउस मेकर हैं. नंदिनी ने कोटा के ही सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अपनी स्कूलिंग पूरी की. उसके बाद उन्होंने अपने राज्य के ही लाला लाजपत राज्य कॉलेज से बिजनेस मैनेजमेंट में ग्रेजुएशन किया है. नंदिनी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो जब 10 साल की थीं, उस समय से ही उनका सपना मिस इंडिया बनने का था. साल 2023 में उन्होंने अपने इस सपने को सच कर दिखाया था.मिस इंडिया बनने से पहले उसी साल उन्होंने मिस राजस्थान का टाइटल भी जीता था. नंदिनी गुप्ता एशिया महाद्वीप के टॉप 2 कंटेस्टेंट में अपनी जगह नहीं बनाई हैं और वो इस रेस से बाहर हो गई हैं. मिस वर्ल्ड बनने का उनका सपना टूट गया, लेकिन उन्होंने सभी का दिल जीत लिया.

**ट्रैवल करना पसंद करती हैं नंदिनी**

नंदिनी के आइडल के बारे में बात करें तो वो प्रियंका चोपड़ा को अपना आइडल मानती थीं. प्रियंका ने साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था. नंदिनी को डांस करना, फिल्में देखना और ट्रैवल करना काफी पसंद है. जब कभी भी उन्हें उनके बिजी शेड्यूल से समय मिलता है, तो वो ये सब चीजें करना पसंद करती हैं. नंदिनी कई तरह के सोशल वर्क से भी जुड़ी हैं. वो क्राउन नहीं जीत पाईं, लेकिन अपना ये काम जारी रखेंगीं.

## तलाक के बाद अरबाज ने मलाइका को दी मुंह मांगी कीमत से भी ज्यादा रकम, इतने करोड़ में हुआ था समझौता



मशहूर एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 51 साल की उम्र में सिंगल लाइफ जी रहीं हैं. वो कई सालों तक अर्जुन कपूर के साथ रिलेशन में रहीं, लेकिन 2024 में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया था. इससे पहले मलाइका ने अभिनेता अरबाज खान से शादी की थी. दोनों करीब 19 साल तक साथ रहे. लेकिन इसके बाद कपल के रिश्ते का तलाक के साथ अंत हो गया था.

मलाइका अरोड़ा और अरबाज तलाक लेकर अपनी राहें साल 2017 में ही अलग कर चुके हैं. हालांकि क्या आप ये जानते हैं कि मलाइका और अरबाज के बीच तलाक का समझौता कितने करोड़ में हुआ था. मलाइका ने जो रकम मांगी थी अरबाज ने उस रकम से भी डेढ़ गुना ज्यादा की एलिमनी मलाइका को दी थी.

**तलाक के बाद मलाइका को मिले इतने करोड़**

मलाइका और अरबाज का रिश्ता टूटने से उनके फैंस को तगड़ा झटका लगा था. दोनों ने साल 2017 में तलाक लिया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक मलाइका ने तलाक के बाद एलिमनी के रूप में 10 करोड़ रूपये की मांग की थी और वो इससे कम पर राजी नहीं होने वाली थीं. लेकिन अरबाज ने मलाइका को 15 करोड़ रुपये बतौर एलिमनी दिए थे.

**1998 में हुई थी शादी**

मलाइका और अरबाज ने एक दूसरे को करीब पांच साल तक डेट किया था. इसके बाद एक्ट्रेस ने 6 साल बड़े अरबाज से साल 1998 में शादी रचा ली थी. फिर 2002 में दोनों ने बेटे अरहान का वेलकम किया. लेकिन बेटे के जन्म के 15 साल बाद अरबाज और मलाइका अलग हो गए थे.

**अर्जुन को 6 साल तक किया डेट**

अरबाज से अलग होने के बाद मलाइका की लाइफ में अभिनेता अर्जुन कपूर की एंट्री हुई. दोनों ने साल 2019 में अपने रिश्ते का ऐलान सोशल मीडिया पर किया था. अर्जुन और मलाइका एक दूसरे के प्यार में पूरी तरह से कैद थे और सीरियस रिलेशन में थे. हालांकि करीब छह साल के बाद दोनों का अचानक ब्रेकअप हो गया था. वहीं मलाइका से अलग होने के बाद अरबाज ने दूसरी बार घर बसा लिया था. उन्होंने शूरा खान से 2023 में शादी की थी. वो शादीशुदा लाइफ जी कर रहे हैं, जबकि मलाइका एक बार फिर से अपनी पर्सनल लाइफ में अकेली पड़ चुकी हैं.

## वो यंग है उसे जल्द... शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी पर आया कंगना रनौत का रिएक्शन, बंगाल सरकार से की बड़ी अपील



पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर लॉ की स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली चर्चा में हैं. उन्हें हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है. सोशल मीडिया पर अपने कमेंट्स की वजह से चर्चा में रहने वाली शर्मिष्ठा पनोली को कोलकाता पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया. हालांकि इसके लिए वे पहले ही माफी मांग चुकी हैं और उन्होंने अपना वो पोस्ट डिलीट भी कर दिया है. अब इसके बाद से ही कई लोग शर्मिष्ठा का विरोध कर रहे हैं वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उनके सपोर्ट में उतरे हैं. अब ऐसे में बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी शर्मिष्ठा का सपोर्ट किया है.

**कंगना ने शर्मिष्ठा पर क्या कहा ?**

कंगना रनौत ने हालिया इंटरव्यू के दौरान शर्मिष्ठा का सपोर्ट किया और कहा कि वे अभी यंग हैं और उन्हें अपनी गलती का एहसास भी है. ऐसे में उसके खिलाफ इतना सख्त रवैया अपना ज्यादा सही नहीं है. एक्ट्रेस ने कहा- किसी को लॉ एंड ऑर्डर के नाम पर इतना हैरास करना सही बात नहीं है. जब किसी ने माफी मांग ली है और पोस्ट भी डिलीट कर दिया है. लेकिन इसके बाद भी उसे जेल में रखना, टॉर्चर करना, उसका करियर खत्म करना और उसके कैरेक्टर पर सवाल उठाना बहुत गलत है. ये किसी भी बेटी के साथ नहीं होना चाहिए.

इसके बाद उन्होंने लिखा- मैं कोलकाता सरकार से ये दरख्वास्त करना चाहती हूं कि वे कोलकाता को नॉर्थ कोरिया ना बनाएं. सभी के पास लोकतांत्रिक अधिकार है. उसने अपने असभ्य बयान पर माफी मांग ली है. उसने सब कुछ ज्यों का त्यों बस कह दिया है और आज कल की जनरेशन तो आमतौर पर ऐसे ही शब्दावली का इस्तेमाल कर रही हैं. चाहें आप इंग्लिश में देख लें या फिर आप हिंदी में देख लें. उसे जल्द से जल्द छोड़ दिया जाना चाहिए क्योंकि अभी वो एक युवा लड़की है. उसके सामने अभी पूरा करियर और जीवन पड़ा है.

**कौन हैं शर्मिष्ठा पनोली ?**

शर्मिष्ठा की बात करें तो वे एक फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और उनके वीडियोज खूब वायरल भी होते हैं. वे खुलकर अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं. लेकिन वे अभी भाषा में अपमनाजनक शब्दों का भी इस्तेमाल करती हैं जो एक तबके के लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है और वे उनका विरोध करते भी नजर आती हैं. एकेडमिक की बात करें तो शर्मिष्ठा ने लॉ की पढ़ाई की है.



## आप जान ही ले लो...'अंबरसरिया' गाने पर भोजपुरी एक्ट्रेस

# अक्षरा सिंह

## ने दिखाई अदाएं

भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पिछले दिनों अमेरिका गई थीं. वहां उन्हें अप्रैसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था. इस इवेंट को अटेंड करने के अलावा अक्षरा अमेरिका में अपनी मेकअप आर्टिस्ट कशिश जैन के साथ खूब मस्ती करती भी दिखीं थीं. अक्षरा अभी भी अमेरिका में ही हैं और वहां से उनका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर आया है.अक्षरा सिंह ने



एक वीडियो शेयर किया है जिसमें बॉलीवुड का एक सुपरहिट गाना लगाया है जिसमें वो अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं. फैंस अक्षरा सिंह की इन्हीं अदाओं पर फिदा हैं और अक्षरा के ऐसे ही वीडियो पर फैंस अपना दिल हारते हैं. इस वीडियो को भी फैंस पसंद कर रहे हैं जिसे आपको भी देखना चाहिए.

**अक्षरा सिंह ने शेयर किया नया वीडियो**

अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया है. इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'काजल लगाएं या ना लगाएं, निगाहें वैसे ही काम तमाम कर देती हैं.' अक्षरा सिंह ने इस पोस्ट के साथ आउटफिट तैयार करने वाली और पीआर की इंस्टाग्राम आईडीज को भी टैग किया है.

अक्षरा सिंह ने ये जो रील बनाई है, इसमें फिल्म फुकरे (2013) का सुपरहिट गाना 'अंबरसरिया' गाना लगाया है. अक्षरा सिंह के इस वीडियो के कमेंट बॉक्स में ढेरों फैंस ने हार्ट इमोजी शेयर की है. वहीं एक फैन ने लिखा, 'आपकी जैसी सुंदर एक्ट्रेस मैंने आज तक नहीं देखी.' वहीं दूसरे फैन ने लिखा, 'आप इस दुनिया में सबसे ज्यादा खूबसूरत हो मैम.' वहीं एक ने कमेंट में लिखा, 'इन अदाओं से अब आप जान ही ले लो.'

**अक्षरा सिंह का आने वाला रियलिटी शो**

अक्षरा सिंह पिछले 10 दिनों से अमेरिका में ही हैं और यहां खूब एन्जॉय कर रही हैं. घूमना, शॉपिंग करना और खाने-पीने का वीडियो से लेकर तस्वीरें तक अक्षरा सिंह अपने पोस्ट्स में शेयर कर रही हैं. जिससे उनके फैंस को उनकी अपडेट्स मिलती रहे और अक्षरा ने अमेरिका में मिले बिहार झारखंड एसोसिएशन नॉर्थ अमेरिका से सम्मान के बारे में भी फैंस को बताया था. अगर अक्षरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो 8 जून से उनका नया रियलिटी शो 'फोक भारत' शुरू होने वाला है, जिसमें अक्षरा बतौर होस्ट नजर आएंगी.

## सरिस्का में बाघिन एसटी-19 ने चार शावकों को दिया जन्म, कुल संख्या हुई 49

**अलवर**
सरिस्का बाघ अभयारण्य के बरेली बाड़ी क्षेत्र में स्थित बफर जोन में बाघिन एसटी-19 ने चार शावकों को जन्म दिया है। इस उपलब्धि के साथ ही सरिस्का में बाघों की कुल संख्या बढ़कर 49 हो गई है। यह पहला अवसर है जब बफर जोन में एक ही समय में चार शावकों का जन्म हुआ है। वर्तमान में इस क्षेत्र में सात वयस्क बाघ-बाघिन पहले से ही निवास कर रहे हैं। राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि एसटी-19 सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन है जिसने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले टाइग्रेस एसटी-12 और एसटभ्-22 भी चार-चार शावकों को जन्म दे चुकी हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि सरिस्का में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और जल्द ही यह आंकड़ा 50 को पार कर सकता है। वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) संग्राम सिंह ने जानकारी दी कि कैमरा ट्रैप में बाघिन और उसके शावकों की तस्वीरें रिकॉर्ड हुई हैं और सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे बाघिन की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त क्षेत्र में प्रवेश न करें और किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें। गौरतलब है कि बफर जोन में अब कुल 11 बाघ, बाघिन और शावक हैं, जबकि एक बाघ को पहले ही रामगढ़ विषधारी अभयारण्य में स्थानांतरित किया जा चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाघों की संख्या में हो रही यह वृद्धि न केवल जैव विविधता के लिए सकारात्मक संकेत है, बल्कि इससे क्षेत्रीय पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि सरिस्का में बाघों की दृश्यता (साइटिंग) में वृद्धि देखी जा रही है।

## हिमाचल में सैलानियों की चहल-पहल बढ़ी, शिमला में 80 फीसदी होटल पैक


**शिमला**
गर्मी के तेवर तीखे होते ही मैदानी इलाकों से बड़ी संख्या में सैलानी राहत की तलाश में हिमाचल के हिल स्टेशनों का रुख कर रहे हैं। इससे होटलों की ऑक्यूपेंसी बढ़ गई है।

# महिला संगठन इनर व्हील को बढ़ावा देने वाले एक बैनर और होर्डिंग का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ मनीषा कौशिक ने किया





**दिव्य दिल्ली :** हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि इनर व्हील की ब्रांडिंग और प्रचार अब अगले स्तर पर पहुंच गया है। आज दुनिया के सबसे बड़े स्वैच्छिक महिला संगठन इनर व्हील को बढ़ावा देने वाले एक बैनर और होर्डिंग का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन 2024-25 डॉ मनीषा कौशिक ने किया। यह उनका विजन था इससे संगठन को अगले स्तर पर ले जाया जाए . अध्यक्ष और टीम अनमोल रूबी बिंद्रा की पहल और समर्थन के साथ उनके मार्गदर्शन में हुआ कई अध्यक्षों, ब्रांडिंग समिति के सह-अध्यक्षों और सदस्यों की उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया.डॉ मनीषा




कौशिक ने बताया आइए इंटरनेशनल इनर व्हील के 101वें वर्ष और डिस्ट्रिक्ट 301 के 40वें वर्ष में इनर व्हील को घर-घर में जाना-पहचाना नाम बनाया जाए। इन बैनरों को सेक्टर 41 मेन रोड पर प्रज्ञा अस्पताल के पास लगाया गया है ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। डॉ मनीषा कौशिक ने ब्रांडिंग की जरूरत के बारे में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि इनरव्हील दुनिया का सबसे बड़ा महिला संगठन है जिसकी उपस्थिति 104 देशों में है। संयुक्त राष्ट्र में इसकी 2 सीटें हैं। यहां सभी क्षेत्रों से महिलाएं आती हैं। यह पेशेवरों और गृहणियों का एक बहुत अच्छा समामेलन है, जिन्होंने स्वेच्छा से बदलाव लाने का बीड़ा उठाया है, 21 वर्ष से 95 वर्ष तक की आयु वर्ग के समाज के वंचित वर्गों के लिए बिना रुके काम कर रहे हैं। महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता, शिक्षा, बाल एवं परिवार कल्याण, गांवों को गोद लेना, खुशहाल स्कूल, वरिष्ठ नागरिक, पर्यावरण, शारीरिक रूप से विकलांग और दिव्यांग वर्ग, ट्रांसजेंडर, कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण, अनाथालय आदि के क्षेत्र में बहुत काम किया गया है। भारत में हमारे 27 जिले हैं और जिला 301 (दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र) सबसे बड़ा है। दिल्ली में हमारे 3300 से अधिक सदस्य हैं.

## अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर सीएम का संकल्प: "सुरक्षित बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव"

जयपुर
अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि "सुरक्षित बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव है !" मुख्यमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि प्रत्येक बालक और बालिका के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समुचित स्वास्थ्य सेवाएं और एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयास करें।



मुख्यमंत्री शर्मा ने इस बात पर भी जोर दिया कि बच्चों को भयमुक्त और सम्मानजनक जीवन मिले, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।उन्होंने प्रदेशवासियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि वे बाल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागी बनें।
उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष एक जून को मनाया जाता है।

## सीडीएस के बयान पर सियासी जंग, कांग्रेस ने फिर की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली**
सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) अनिल चौहान भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर दिए बयान पर भारत में सियासत तेज हो गई है। सीडीएस के बयान के बाद कांग्रेस ने एक बार फिर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग उठाई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सिंगापुर में कल जनरल चौहान द्वारा किए गए खुलासे हमारी मांग को और भी प्रासंगिक बनाते हैं। अब संसद सत्र का परिणाम एक प्रस्ताव होना चाहिए, जो पीओके पर 22 फरवरी,



1994 के प्रस्ताव को दोहराए और नए तत्वों को शामिल करे। उन्होंने कहा कि मैंने गिनती की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने वही बात दोहराई है जो वे 21 दिनों से कह रहे हैं। उन्होंने युद्ध विराम में मध्यस्थता करने का दावा किया है, उन्होंने जो नई बात कही है वह परमाणु हमले के बारे में है। उन्होंने अपने व्यापार और टैरिफ की धमकी को भी दोहराया है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यहां तक कि उनके व्यापार सचिव ने भी यह कहा है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मगर हमारे प्रधानमंत्री चुप हैं। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कही गई बातों का जवाब नहीं दिया है। वे कांग्रेस पार्टी को निशाना बना रहे हैं जबकि उन्हें पाकिस्तान को निशाना बनाना चाहिए। कांग्रेस ने 22 अप्रैल से शुरू होने वाले इस बड़े संकट के समय एकता और एकजुटता की मांग की है और हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। हमने केवल इतना कहा है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और संसद का सत्र बुलाएं।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए डीएमके तैयार



**मदुरै**
तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले डीएमके ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को पार्टी की बैठक में सीएम एमके स्टालिन ने नए सदस्यता अभियान ओरानियिल तमिलनाडु की शुरूआत की। इससे पहले पार्टी की आम परिषद बैठक में स्टालिन ने सदस्यता अभियान का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने घर-घर जाकर सदस्स्यता अभियान चलाने, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाने और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की बात कही। इसके बाद पार्टी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम 30 प्रतिशत मतदाताओं को सदस्य के रूप में नामांकित करने का लक्ष्य रखा और प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया।
पार्टी ने सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए नए सदस्य बनाए हैं। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर सदस्य बनाने का काम सौंपा गया है।
मदुरै में पार्टी की बैठक 20 एकड़ जगह पर लगे पंडाल में हुई। इसे डीएमके मुख्यालय अन्ना अरिवलयम जैसा बनाया गया था। सीएम एमके स्टालिन ने 100 फीट ऊंचे मस्तूल पर पार्टी का झंडा फहराया और पार्टी बैठक का उद्घाटन किया। इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री स्टालिन ने यहां 22 किमी लंबा रोड शो निकाला और मदुरै के पूर्व मेयर एस मुथु की कांस्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। इससे पहले डीएमके चार साल पूरे होने पर भी स्टालिन ने पार्टी कार्यकताओं को तमाम निर्देश दिए थे। पार्टी कार्यकताओं को लिखे एक पत्र में स्टालिन ने कहा था कि पार्टी जनता फिर से डीएमके को चुनेगी।

## राजस्थान में दो जून से फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज, कई जिलों में यलो अलर्ट जारी

**जयपुर**
राजस्थान में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दो जून से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा, जिसके चलते दो से चार जून के बीच दोपहर के बाद प्रदेश के कई जिलों में तेज मेघगर्जन, आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने रविवार को भी प्रदेश के 14 जिलों में आंधी और बारिश



को लेकर अलर्ट जारी किया है। साथ ही दो से चार जून के बीच अधिकांश हिस्सों में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और बारिश की गतिविधियों की संभावना जताई है।
मौसम विभाग ने अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, टोंक, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

## मध्य प्रदेश में अबकी बार मई में 53 जिलों में हुई बारिश, टूटे रिकॉर्ड, प्रदेश में 7 गुना गिरा पानी

**भोपाल**
मध्य प्रदेश में नौतपा में आंधी-बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में जून महीने में लू की संभावना नहीं है। आज भी कई हिस्सों में बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि कई जगहों पर दिन का तापमान बढ़ेगा। वहीं कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ जब प्रदेश के किसी न किसी जिले में आंधी-बारिश न हुई हो। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत कुल 53 जिले भीगे।
मौसम विभाग के अनुसार, मई महीने में बारिश के कई रिकॉर्ड भी टूटे। इंदौर में 139 साल में सबसे ज्यादा 4.6 इंच पानी गिरा।

## 'जयचंद हर जगह, अंदर भी और बाहर भी', तेज ने तेजस्वी को किया आगाह

**पटना**
बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान सामने आया है। तेज प्रताप यादव ने इस बार अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के लिए रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने तेजस्वी से कहा कि मेरे भाई मैं हर परिस्थितियों में तुम्हारे साथ हूं। तुम जयचंदों से सावधान रहना क्योंकि वह हर जगह हैं। तेज प्रताप यादव के पोस्ट में राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है सोशल मीडिया पर यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है।




**तेज प्रताप बोले हर जहां हैं जयचंद**
पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई को अर्जुन कहा। सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे। कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नही। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। फिलहाल दूर हूं लेकिन, मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह हैं। अंदर भी और बाहर भी हैं। इसीलिए सावधान रहना।

**इससे पहले लालू राबड़ी के लिए यह लिखा था**
इससे पहले तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के लिए पोस्ट लिखा था। उन्होंने माइक्राब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर लिखा, मेरे प्यारे मम्मी पापा... मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सब कुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए न कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो न ये पार्टी होती और न मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहे हमेशा।

## सेना ने मुंबई में किया उच्च स्तरीय सुरक्षा अभ्यास, गैर-परंपरागत खतरों से निपटने की तैयारी

**मुंबई**
गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप के मद्देनजर भारतीय सेना ने मुंबई में एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी कि यह दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को कोलाबा के सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में हुआ। बयान में कहा गया, गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप और स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया।

Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397